
शनिवार, 3 जनवरी 2026

**मौसम**



तापमान 14 – 24
आर्द्रता 72%
सूर्योदय: 06:17 सूर्यास्त: 17:04

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



नीदरलैंड के सोर्ड मारिन भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, तीन, चार और पांच पर

सुविचार : अवसर और सूर्योदय में समानता है देर करनेवाले इन्हें खो देते हैं।

# देश 2035 तक बनेगा दुनिया का सर्वश्रेष्ठ चिप उत्पादक, इस साल चार कंपनियां शुरू करेंगी उत्पादन : वैष्णव



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2032 तक सेमीकंडक्टर विनिर्माण करने वाले शीर्ष चार देशों में शामिल हो जाएगा और 2035 तक दुनिया का सर्वश्रेष्ठ चिप उत्पादक बन जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी बड़ी वजह देश में उपलब्ध प्रतिभा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री ने कहा कि चार चिप कंपनियां इस साल वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेंगी और देश की लगभग सभी प्रमुख वाहन और दूरसंचार कंपनियां उनसे सेमीकंडक्टर लेंगी। वह इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत 41,863 करोड़ रुपये के निवेश वाली 22 परियोजनाओं को मंजूरी देने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि 2032 तक हम सेमीकंडक्टर उद्योग में शीर्ष चार देशों में होंगे और 2035 तक हम सर्वश्रेष्ठ देशों में शामिल होंगे। यह दिशा साफ तौर पर दिख रही है। इसका स्पष्ट अनुमान लगाया जा सकता है।'' वैष्णव ने बताया कि सरकार ने सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत अब तक 10 विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी है, जिनमें दो फैब (फैब्रिकेशन यूनिट) और आठ चिप असेम्बली, परिक्षण और पैकेजिंग परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। उन्होंने कहा, ''जिन संयंत्रों ने पिछले साल प्रायौगिक तौर पर उत्पादन शुरू किया था, वही पहले वाणिज्यिक उत्पादन में आएंगे। इसमें केन्स और सीजी सेमी शामिल हैं। माइक्रॉन ने भी हाल ही में प्रायोगिक उत्पादन शुरू किया है। वे भी अगले महीने वाणिज्यिक उत्पादन में जाएंगे। असम में टाटा का संयंत्र इस साल के मध्य तक प्रायौगिक उत्पादन शुरू करेगा और साल के अंत तक वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर देगा।'' वैष्णव ने कहा कि इसके अलावा डिजाइन से जुड़े प्रोत्साहन (डीए-लआई) योजना के तहत स्टार्टअप के माध्यम से 24 चिप डिजाइन परियोजनाओं को समर्थन दिया जा रहा है, जिनका कुल परियोजना मूल्य 920 करोड़ रुपये है।

# मुख्यमंत्री एसआईआर मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलेंगी : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा**



तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जल्द ही नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात करेंगी। इस दौरान, मुख्यमंत्री एसआईआर प्रक्रिया पर पार्टी की आपत्तियां सीधे तौर पर चुनाव आयोग के सामने रखेंगी। इस दिन, दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में आयोजित एक बड़े राजनीतिक जनसभा को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उन्होंने इसी सप्ताह मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की थी। उन्होंने दावा किया कि बातचीत के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अपनी बात रखी और कहा कि वह जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं, जबकि चुनाव आयुक्त नामित पद पर हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं दिल्ली जाकर यह मुद्दा उठाएंगी। इस दौरान, उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर बड़ा हमला बोला है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि टीएमसी अपना विरोध प्रदर्शन दिल्ली तक ले जाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि टीएमसी तैयार है, हम दिल्ली आ रहे हैं। अगर टीएमसी के एक तिहाई कार्यकर्ता और समर्थक दिल्ली चले गए तो ज्ञानेश कुमार और अमित शाह पानी में बह जाएंगे।

# सरकार ने 7,295 करोड़ रुपये के निर्यात पैकेज की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को निर्यातकों की ऋण तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए 7,295 करोड़ रुपये के निर्यात सहायता पैकेज की घोषणा की। इसमें 5,181 करोड़ रुपये की ब्याज सहायता योजना और निर्यात ऋण के लिए 2,114 करोड़ रुपये का गारंटी समर्थन शामिल है। दोनों उपाय छह वर्षों (2025-31) में लागू किए जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अजय भादू ने कहा कि ये हस्तक्षेप निर्यातकों की व्यापार वित्त से जुड़ी समस्याओं का समाधान करेंगे। ब्याज सहायता योजना के तहत निर्यातकों को निर्यात से पहले और निर्यात के बाद ऋण पर सब्सिडी मिलेगी। यह नवंबर 2025 में स्वीकृत 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) का दूसरा घटक है। पहला घटक 31 दिसंबर, 2025 को लागू किया गया था, जिसमें 4,531 करोड़ रुपये के परिव्यय वाला बाजार पहुंच समर्थन दिया गया था। प्रतिकूल वैश्विक व्यापार परिस्थितियों के बीच सहायता योजना से चिन्हित क्षेत्रों के निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी दरों पर ऋण पाने में मदद मिलेगी। योजना के तहत सरकार पात्र एमएसएमई निर्यातकों को 2.75 प्रतिशत तक की सब्सिडी लाभ देगी। प्रति कंपनी वार्षिक लाभ की सीमा 50 लाख रुपये तय की गई है। इस योजना के विस्तृत दिशानिर्देश भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी किए जाएंगे। योजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी आरबीआई है। सरकार ने निर्यात ऋण के लिए 2,114 करोड़ रुपये की गारंटी सहायता की भी घोषणा की है। इसके तहत, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को निर्यात से जुड़े कार्यशील पूंजी ऋण के लिए ऋण गारंटी सहायता प्रदान की जाएगी।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय पुष्प प्रदर्शनी ने दो विश्व रिकॉर्ड बनाए (पृष्ठ 7)

# निफ्टी ने नया शिखर छुआ, सेंसेक्स ने 573 अंकों की छलांग लगाई

**मुंबई :** बिजली, बैंक एवं धातु शेयरों में मजबूत खरीदारी से शुक्रवार को प्रमुख इक्विटी सूचकांक निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद 182 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि बीएसई सेंसेक्स में 573 अंकों की तेजी दर्ज की गई। कारोबारियों के मुताबिक, घरेलू संस्थागत निवेशकों की तरफ से पूंजी निवेश का सिलसिला जारी रहने और एशियाई बाजारों में मजबूती से घरेलू शेयर बाजारों को तगड़ा समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.41 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,762.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 623.67 अंक चढ़कर 85,812.27 तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 182 अंक यानी 0.70 प्रतिशत बढ़कर 26,328.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 193.45 अंकों की बढ़त के साथ 26,340 का अपना सर्वकालिक उच्च स्तर भी हासिल किया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, नए साल की छुट्टियों के बाद वैश्विक बाजारों ने 2026 का सकारात्मक आगाज किया जबकि मजबूत वाहन बिक्री ने घरेलू बाजार को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। तीसरी तिमाही के नतीजों की तरफ ध्यान केंद्रित होने के बीच निवेशक धारणा रचनात्मक बनी हुई है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक एवं भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

## पत्नी के अंतरिम गुजारा भत्ते का निर्धारण गणितीय सटीकता से नहीं किया जा सकता: उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महिला के अंतरिम गुजारा भत्ते की राशि को बढ़ाते हुए कहा है कि इस राशि का निर्धारण गणितीय सटीकता के साथ नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि केवल विदेशी मुद्रा में कमाई के आधार पर पत्नी को पति की विदेशी आय को भारतीय मुद्रा में परिवर्तित करके गुजारा भत्ते का दावा करने का अधिकार नहीं मिल जाता है। अदालत मई 2023 में कुटुम्ब अदालत द्वारा दिए गए 50,000 रुपये मासिक अंतरिम गुजारा भत्ते के आदेश के खिलाफ महिला और उसके पति द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पत्नी ने राशि बढ़ाने की मांग की थी, जबकि पति ने इस आदेश को चुनौती दी थी। अदालत ने 23 दिसंबर को दिए गए एक आदेश में कहा, ''अंतरिम गुजारा भत्ते का निर्धारण गणितीय सटीकता से नहीं किया जा सकता।'' इसमें कहा गया है, ''अक्सर ऐसा होता है, खासकर उन मामलों में जहां पति-पत्नी में से कोई एक विदेश में कार्यरत है और अदालत के समक्ष आय का पूर्ण और स्पष्ट खुलासा करने में विफल रहा है, तो मूल्यांकन में अनिवार्य रूप से कुछ हद तक अनुमान और सोच-समझकर किए गए आकलन शामिल होते हैं।''

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया फिर 90 के पार, 22 पैसे टूटकर 90.20 पर बंद

**मुंबई :** रुपया शुक्रवार को फिर 90 के स्तर से नीचे फिसल गया और 22 पैसे टूटकर 90.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। निराशाजनक वृहत आर्थिक आंकड़ों और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया दबाव में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा आयातकों की मजबूत डॉलर मांग ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर किया। उन्होंने कहा कि हालांकि कच्चे तेल की कमजोर कीमतों और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल ने गिरावट को कुछ हद तक अंकुश लगाया। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है।

# सरकार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' से अश्लील सामग्रियां तत्काल हटाने को कहा

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को कड़ा नोटिस जारी करते हुए मंच से सभी एआई-जनित अश्लील एवं गैरकानूनी सामग्रियों को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने कहा कि खासकर 'एक्स' के कृत्रिम मेधा (एआई) ऐप 'ग्रोक' के जरिये तैयार की गई आपत्तिजनक सामग्री को तत्काल हटाना होगा। ऐसा नहीं करने पर सोशल मीडिया कंपनी के खिलाफ कानून के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने भारत में



एक्स के मुख्य अनुपालन अधिकारी को भेजे नोटिस में कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत निर्धारित वैधानिक 'जांच-पड़ताल' दायित्वों का पालन न करने का आरोप है। इस आदेश के मुताबिक, एक्स को निर्देश दिया जाता है कि वह लागू कानूनों का उल्लंघन कर पहले से बनाई या प्रसारित की गई सभी सामग्री को बिना किसी देरी के हटाए या उसकी पहुंच को निष्क्रिय करे। यह कार्रवाई आईटी नियम, 2021 में निर्धारित समयसीमा के भीतर सख्ती से सुनिश्चित की जाए, ताकि साक्ष्यों के साथ किसी भी तरह से छेड़छाड़ न हो।

# ईरान की खराब अर्थव्यवस्था से आक्रोशित जनता सड़कों पर, प्रदर्शनों में सात लोगों की मौत

**दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) :** ईरान की खराब अर्थव्यवस्था से आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई है और बृहस्पतिवार को ये प्रदर्शन प्रांतों में भी फैल गए, जहां सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में कम से कम सात लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदर्शन में सात लोगों के मारे जाने से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि देश की सरकार प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने के मूड में है। लेकिन प्रदर्शनकारी भी अड़े हुए हैं। राजधानी तेहरान में प्रदर्शन भले ही धीमे पड़ गए हों, लेकिन अन्य जगहों पर इनमें तेजी आई है। बुधवार को दो और बृहस्पतिवार को पांच लोगों की मौत चार शहरों में हुई। इन चारों शहरों में लूर जातीय समुदाय की बहुलता है। यह विरोध प्रदर्शन 2022



के बाद से ईरान के सबसे बड़े प्रदर्शन के रूप में उभरा है। वर्ष 2022 में पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद देशभर में प्रदर्शन हुए थे। अर्थव्यवस्था को लेकर सबसे अधिक हिंसा ईरान के लोरेस्टान प्रांत के अजना शहर में देखी गई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में वहां सड़कों पर जलती हुई वस्तुएं दिखाई दे रही हैं साथ ही गोलियों की आवाजें गूंजती हैं जबकि लोग बेशर्म! बेशर्म! चिल्ला रहे हैं। अर्धसरकारी समाचार एजेंसी फ़ार्स ने तीन लोगों के मारे जाने की खबर दी। सुधार समर्थक मीडिया संस्थानों सहित अन्य मीडिया ने फ़ार्स के हवाले से ही घटनाओं का जिक्र किया है।

# पालघर में बुलेट ट्रेन परियोजना को बड़ी सफलता, 1.5 किलोमीटर सुरंग की खुदाई पूरी

**नयी दिल्ली :** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को नयी दिल्ली स्थित रेल भवन से ही ऑनलाइन माध्यम से महाराष्ट्र के पालघर जिले में बुलेट ट्रेन परियोजना की 1.5 किलोमीटर लंबी सुरंग की खुदाई का कार्य पूरा होते देखा। वैष्णव ने मीडियाकर्मियों से कहा, ''आज एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। यह उपलब्धि पर्वतीय सुरंग 5 का सफल निर्माण है।'' रेल मंत्रालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''यह 1.5 किलोमीटर लंबी पहाड़ी सुरंग पालघर जिले की सबसे लंबी सुरंगों में शामिल है और यह विरार तथा बोइसर बुलेट ट्रेन स्टेशन के बीच स्थित है। महाराष्ट्र में यह दूसरी सुरंग है जिसकी खुदाई का कार्य पूरा हो चुका है। इससे पहले ठाणे और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के बीच पांच किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग का कार्य सितंबर 2025 में पूरा किया गया था।'' मुंबई और अहमदाबाद को जोड़ने वाली 508 किलोमीटर लंबी रेल परियोजना भारत की एकमात्र हाई-स्पीड रेल परियोजना है जिसे बुलेट ट्रेन को 320 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह बुलेट परियोजना गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरती है। वैष्णव के अनुसार, एक बार पूरा होने पर, यह परियोजना मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा के समय को घटाकर मात्र एक घंटे और 58 मिनट कर देगी, जिससे प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों की अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ा और एकीकृत किया जा सकेगा। यह परियोजना जापान सरकार की तकनीकी और वित्तीय सहायता से क्रियान्वित की जा रही है।

# आरएसएस अर्धसैनिक संगठन नहीं, भाजपा को देखकर निष्कर्ष निकालना बड़ी भूल: भागवत

**भोपाल :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि वर्दी और शारीरिक अभ्यास के बावजूद संघ कोई अर्धसैनिक संगठन नहीं है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को देखकर आरएसएस के बारे में निष्कर्ष निकालने की कोशिश करना एक बड़ी भूल होगी। भागवत ने यहां प्रबुद्धजनों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज को एकजुट करने और उसमें आवश्यक गुण व सद्गुण विकसित करने का कार्य करता है, ताकि भारत दोबारा किसी विदेशी शक्ति के अधीन न जाए। उन्होंने कहा, ''हम वर्दी पहनते हैं, पथ संचलन करते हैं और दंड अभ्यास करते हैं। लेकिन अगर कोई इसे अर्धसैनिक संगठन समझता है तो यह भूल होगी। उन्होंने कहा कि संघ एक अनूठा संगठन है, जिसे समझना आसान नहीं है। भागवत ने कहा, ''अगर आप भाजपा को देखकर संघ को समझना चाहते हैं तो यह बहुत बड़ी गलती होगी। यही गलती तब भी होगी, जब आप विद्या भारती को देखकर संघ को समझने की कोशिश करेंगे।''

# श्रम मंत्रालय का प्रस्ताव, गिग कामगारों की सामाजिक सुरक्षा के लिए साल में 90 दिन का काम जरूरी

## गिग कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए रखा नया प्रस्ताव

### गिग वर्करों के लिए अलग सामाजिक सुरक्षा कोष बनाया जाएगा

**नयी दिल्ली :** श्रम मंत्रालय ने ऐप-आधारित डिलीवरी पार्टनर, कैब ड्राइवर और फ्रीलांसर जैसे अस्थायी कामगारों (गिग वर्कर) को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए साल भर में कम-से-कम 90 दिन काम करने का प्रस्ताव रखा है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत बनाए गए नए मसौदा नियमों में यह प्रस्ताव रखा गया है। यह मसौदा 31 दिसंबर को जारी किया गया है और इस पर हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 समेत चार नए श्रम कानूनों को 21 नवंबर, 2025 को अधिसूचित किया था। मसौदा नियमों के मुताबिक, यदि कोई अस्थायी या ऑनलाइन मंच से जुड़ा कामगार किसी एक कंपनी या ऐप के साथ पिछले वित्त वर्ष में कम-से-कम 90 दिन काम करता है, तो वह सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए पात्र माना जाएगा। अगर इस अवधि में वह एक से अधिक ऐप या कंपनियों के साथ काम करता है, तो कुल मिलाकर उसे न्यूनतम 120 दिन काम करना होगा। मंत्रालय ने साफ किया है कि किसी दिन चाहे जितनी भी कमाई हुई हो, यदि उस दिन काम किया गया है तो उसे एक कार्यदिवस माना जाएगा। अगर कोई डिलीवरी पार्टनर या कैब ड्राइवर किसी दिन ऐप के जरिये एक भी ऑर्डर या सफर को पूरा करता है, तो वह दिन उसके कामकाजी दिन के रूप में गिना जाएगा। यहां तक कि यदि कोई व्यक्ति एक ही दिन में तीन अलग-अलग ऐप के लिए काम करता है, तो उसे तीन दिन का काम माना जाएगा। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि ऐसे सभी गिग वर्कर इसमें शामिल होंगे, जिन्हें कंपनियां सीधे या किसी दूसरी सहयोगी कंपनी या एजेंसी के जरिये काम पर रखती हैं। हर कंपनी को अपने साथ जुड़े अस्थायी कामगारों की जानकारी नियमित रूप से सरकारी पोर्टल पर अद्यतन करनी होगी। जानकारी अद्यतन नहीं होने पर कामगार को सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पाएगा। नए नियमों के तहत, 16 साल या उससे अधिक उम्र के हर अस्थायी कामगार को 'आधार' जैसे दस्तावेजों के आधार पर एक निर्धारित पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के बाद उन्हें एक डिजिटल पहचान पत्र मिलेगा, जिसे पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा। गिग वर्कर के लिए एक अलग सामाजिक सुरक्षा कोष बनाया जाएगा, जिसमें कंपनियों से लिया गया योगदान जमा होगा। यदि कोई कंपनी तय समय पर यह योगदान जमा नहीं करती है, तो उसे हर महीने एक प्रतिशत ब्याज भी देना होगा।



## गिग-वर्कर्स की मांगों को गंभीरता से लें

बाजार आने-जाने के झंझट से बचा लोगों के घरों में तुरत-फुरत जीवन उपयोगी सामान पहुंचाने वाले गिग-वर्कर्स की जटिल कार्यपरिस्थितियां और पसीने का मोल न मिलना, बेहद चिंता की बात है। अपना व परिवार का पोषण करने वाले ये युवा अकसर सरपट मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियां चढ़कर ऊंची मंजिलों में दरवाजों तक सामान पहुंचाते देखे जा सकते हैं। बेहद कम मेहनताने, कंपनी मालिकों के दबाव व ग्राहकों की उपेक्षा झेलते गिग वर्कर्स ने नये साल की पूर्व संध्या पर हड़ताल करके अपनी बदहाली को ही उजागर किया है। संवेदनशील कार्य परिस्थितियों और नौकरी की असुरक्षा के चलते गिग-वर्कर्स हड़ताल पर थे। हालांकि, नये साल पर काम के दबाव व पूरी तरह संगठित न होने के कारण इनकी हड़ताल का कुछ ही इलाकों में असर देखा गया। पूरे देश में सामान की आपूर्ति बाधित हुई हो, ऐसा भी कोई समाचार नहीं मिला है। लेकिन गिग-वर्कर्स की विषम कार्य-परिस्थितियों की ओर पूरे देश का ध्यान जरूर गया है। पिछले दिनों आप के राघव चड्ढा और राजद के मनोज कुमार झा जैसे सांसदों ने गिग वर्कर्स के शोषण का मुद्दा संसद में उठाया था। निस्संदेह, देश की गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन में अपनी क्षमता साबित की है। विडंबना है कि भारत युवाओं को देश का कहा जाता है, लेकिन हम उनकी आकांक्षाओं का रोजगार नहीं दे पा रहे हैं। दरअसल, गिग-वर्कर्स की प्रमुख मांग है कि उनके काम का बेहतर भुगतान हो और उनके लिये बेहतर कामकाजी परिस्थितियां बनायी जाएं। उनकी इस हड़ताल ने इन मुद्दों पर देश का ध्यान खींचा है। लेकिन देश के प्रमुख खाद्य वितरण करने वाली कंपनी ने 31 दिसंबर को इस हड़ताल के बावजूद ऑर्डर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की। वहीं थके-हारे बाइकर्स अपनी अनगिनत शिकायतें व्यक्त करते रहे। दरअसल, विडंबना यह है कि खूब काम लेने के बावजूद गिग-वर्कर्स को पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी के दायरे से बाहर आजीविका कमाने वाले व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया जाता है।

दरअसल, गिग-वर्कर्स को नई अर्थव्यवस्था में नियोक्ता एक कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने के दायित्व से बचने का प्रयास करते हैं। लेकिन नियोक्ताओं की हायर व फायर की रणनीति के चलते, वे असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को बाध्य होते हैं। इसके बावजूद वे आज शहरी जीवन व्यवस्था के लिये अभिन्न अंग बन गए हैं। लोगों की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दौड़ते रहते हैं। वे सामान दस मिनट तक दरवाजे पर पहुंचाने के दबाव में हांफते-भागते, मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियों पर सामान चढ़ाते अकसर नजर आते हैं। आम तौर पर उपभोक्ताओं का व्यवहार भी अच्छा नहीं होता। देरी होने पर इन्हें झिड़का जाता है। सामान में नुक्स निकालकर इन्हें दौड़ाया जाता है। आज भारत में इनकी संख्या सवा करोड़ से अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इन कामगारों की संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक हो सकती है। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन फिलहाल स्थिति यह है कि मेहनताने में कटौती, जरा सी चूक पर आर्थिक दंड तथा समय से पहले पहुंचाने के दबाव से गिग-वर्कर्स त्रस्त हैं। मुश्किल परिस्थितियों में काम करते रहने के बावजूद ये कामगार हड़ताल में बड़ी संख्या में भाग नहीं ले पाये। दरअसल, प्लेटफॉर्म अकसर प्रोत्साहन और अतिरिक्त वेतन के जरिये श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन को दबा देते हैं। निश्चित रूप से गिग-वर्कर्स का लगातार 14 घंटे काम करने के बावजूद सात-आठ सौ रुपये कमाना और दुर्घटना बीमा से वंचित रखना, इस व्यवस्था की उन खामियों की ओर भी इशारा करता है, जिन्हें केवल फौरी लालच या प्रोत्साहन से ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में हालिया श्रम सुधारों का महत्व बढ़ जाता है। जिसमें पहली बार, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को कानून के तरह औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर के टर्नओवर का एक से दो फीसदी सामाजिक सुरक्षा कोष में अनिवार्य योगदान और आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर को कानूनी मान्यता की दिशा में एक लंबे समय से प्रतीक्षित बदलाव का संकेत देते हैं। हालांकि, कार्यान्वयन ही यह निर्धारित करेगा कि ये सुधार परिवर्तनकारी साबित होते हैं या केवल प्रतीकात्मक रहते हैं।

# आखिरकार 2025 में श्रम अधिशेष का लाभ उठाने में सक्षम हो सका भारत

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से 20वीं सदी के उत्तरार्ध तक, भारत सुरक्षित अर्थ-व्यवस्था के अनुरूप कड़े नियंत्रित श्रम ढाँचे के तहत काम करता रहा। यहाँ तक कि उदारीकरण के बाद भी यह ऐसा क्षेत्र था, जिसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। इसका स्पष्ट परिणाम यह हुआ कि : श्रम-अधिशेष वाले देश में भी कंपनियाँ श्रम-प्रधान निवेश से बचती रहीं।

श्रम के व्यापक उपयोग में बाधा बन रहे श्रम कानून के इस असंतुलन को आखिरकार 2025 में सुधारा गया। अंततः श्रम सुधारों और वीबी-जी राम जी के लागू होने से भारत के लिए अब यह संभव हो गया है कि वह शहरी और ग्रामीण, दोनों ही क्षेत्रों में अपने श्रम अधिशेष को औपचारिक अर्थव्यवस्था में समाहित कर सके। श्रम कानून, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण रोजगार और उद्यम नीति पहली बार एक ही दिशा में काम कर रहे हैं। इसकी बदौलत भारत एक ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जो औपचारिक रोजगार तथा उद्यमों के विस्तार को सक्षम बनाते हुए श्रमिकों को भी सुरक्षा प्रदान करती है।

**अन्य श्रम-अधिशेष अर्थव्यवस्थाओं से सीख**

चलिए, उन देशों से शुरुआत करते हैं, जिन्होंने भारत जैसी ही चुनौती -श्रम के अधिशेष का सामना किया। 1990 के दशक और 2000 के शुरुआती वर्षों में चीन, वियतनाम और इंडोनेशिया ने श्रमिकों को बड़े पैमाने के विनिर्माण में समाहित करने के लिए भर्ती प्रक्रिया को पूर्वानुमेय और अनुपालन को प्रबंधनीय बनाते हुए श्रम कानून बनाए।

भारत ने इसके उलट रास्ता अपनाया। उसने अनुमतियों और जुर्मानों की एक जटिल भूलभुलैया खड़ी कर दी, जिसने श्रम-प्रधान निवेश को हतोत्साहित किया और कंपनियों को अनौपचारिकता की ओर धकेल दिया।

शहरी और ग्रामीण, दोनों श्रम बाज़ारों में रुख अब बदल गया है। भारत ने 29 श्रम क़ानूनों को चार श्रम संहिताओं में समेकित करते हुए अपने समकक्ष देशों की तुलना में अनुपालन को कहीं अधिक सरल बना दिया है। उसने अपने श्रमिक संरक्षण के स्तर को समकक्ष देशों के बराबर रखा है, और भर्ती में लचीलेपन के मामले में वह उनसे आगे बढ़ गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में, मनरेगा से विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) की दिशा में बदलाव ने रोजगार को उत्पादकता से जोड़ दिया है। इसमें बुआई और कटाई के चरम मौसम के दौरान 60 दिनों का विराम शामिल है, ताकि खेतिहर श्रमिकों की कमी न हो और कार्य को टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण से जोड़ा गया है। इसके परिणामस्वरूप एक ऐसी श्रम व्यवस्था बनी है, जो चीन, वियतनाम या इंडोनेशिया की तुलना में निवेश के लिए अधिक तैयार है, जिसमें कारखानों से लेकर खेतों तक पूरे श्रम तंत्र में अनुपालन में सुगमता, व्यापक सामाजिक सुरक्षा और बिना सुरक्षा मानकों को कमजोर किए बड़े पैमाने पर भर्ती की क्षमता मौजूद है।

**श्रम सुधार: बिखराव से कार्यकुशलता की ओर**

लगभग 100 श्रमिकों वाली एक छोटी विनिर्माण इकाई की कल्पना कीजिए। वर्षों तक, विकास के साथ चिंता भी जुड़ी रही। कुछ अतिरिक्त श्रमिकों को नियुक्त करने का मतलब था-श्रम कानूनों की जटिल भूलभुलैया से गुजरना, कई तरह के पंजीकरण कराना, मोटे-मोटे रजिस्टर बनाना, अलग-अलग प्राधिकरणों की निरीक्षण कार्रवाइयों का सामना करना, और इस बात का जोखिम उठाना कि कोई मामूली सी प्रक्रियागत चूक भी आपराधिक दायित्व को दावत दे सकती है। लिहाजा, कई व्यवसाय एक ही निष्कर्ष पर पहुँचे: विस्तार करने की बजाय छोटा, अनौपचारिक और कम श्रमिकों के साथ बने रहना ही अधिक सुरक्षित है ।

यह मानसिकता 2025 में बदलनी शुरू हुई। 29 केंद्रीय श्रम क़ानूनों को चार श्रम संहिताओं में समेकित करने से व्यवस्था नियामकीय अव्यवस्था से निकलकर स्पष्टता की ओर बढ़ी। एकल पंजीकरण, लाइसेंस और रिटर्न के माध्यम से अनुपालन को सरल बनाया गया है; अब निरीक्षण दोष खोजने के बजाय सहयोग और सुविधा प्रदान करने लगे हैं; और सामान्य, रोज़मर्रा की त्रुटियाँ अब आपराधिक दंड को आमंत्रित नहीं करतीं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सरलीकरण श्रमिक के अधिकारों की कीमत पर नहीं हुआ है। मज़दूरी संरक्षण को सार्वभौमिक बनाया गया है, लैंगिक समानता को क़ानून में अंतर्निहित किया गया है, सामाजिक सुरक्षा का दायरा गिग और प्लेटफ़ॉर्म श्रमिकों तक बढ़ाया गया है, और प्रवासी श्रमिकों को पोर्टेबिलिटी का लाभ मिला है। अब औपचारिक रूप से श्रमिकों को नियुक्त करना किसी जोखिम को संभालने जैसा नहीं, बल्कि भरोसे के साथ उठाया जाने वाला कदम बन गया है-जिससे विकास, सुरक्षा और विस्तार तीनों एक साथ संभव हो पाए हैं।

| मापदण्ड | पिछली व्यवस्था: | नई श्रम संहिताएँ |
|---|---|---|
| कानूनों/संहिताओं की संख्या | 29 कानून | 4 संहिताएँ |
| नियम | 1,436 | 351 |
| रिटर्न | 31 | एकल (इलेक्ट्रॉनिक) |
| फॉर्म | 181 | 73 |
| रजिस्टर | 84 | 8 |
| पंजीकरण | 8* | एकल |
| लाइसेंस | 4 | एकल |
| अपराधों का निपटान | उपलब्ध नहीं | पहली बार पेश किया गया |
| सुधार सूचना | उपलब्ध नहीं | पहली बार पेश किया गया |

**उद्यमों को बढ़ने और कर्मचारियों को नियुक्त करने में सक्षम बनाना**

कई वर्षों तक, विकास करना ही अपने आप में एक प्रकार का दंड था। किसी विनिर्माण कंपनी की कल्पना कीजिए, जो बड़े पैमाने पर पहुँचने की कोशिश कर रही हो: जैसे ही उसकी चुकता पूँजी 4 करोड़ रुपये को पार करती थी, वह अपनी लघु कंपनी के दर्जे को खो देती और उसी समय अधिक श्रमिकों को नियुक्त करने की आवश्यकता के बीच अनिवार्य कैश-फ्लो स्टेटमेंट, अतिरिक्त बोर्ड और ऑडिट आवश्यकताएँ, और कंपनी रजिस्ट्रार के पास विस्तृत वार्षिक फाइलिंग - जैसे भारी अनुपालनों में उलझ जाती। इसका जवाब कई व्यवसायों ने आकार को सीमित रखकर, संचालन को विभाजित करके या अनौपचारिक बने रहकर दिया।

यह स्थिति 2025 में बदल गई। अब कंपनियाँ 10 करोड़ रुपये तक की चुकता पूँजी के साथ लघु कंपनी की श्रेणी में बनी रह सकती हैं, जबकि एमएसएमई निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ा दी गई है। विकास अब अनुपालन संबंधी आघात का कारण नहीं बनता; बल्कि औपचारिकीकरण, विस्तार और नई भर्ती के लिए अवसरों का सृजन करता है, जो उद्यम आधारित रोजगार सृजन को नियामकीय जोखिम के स्थान पर समझदारी भरा विकल्प बनाता है।

वर्षों तक, श्रम कानून औपचारिक भर्ती को हतोत्साहित करते रहे, क्योंकि नियोक्ता पूर्ववर्ती दायित्व, पिछली तिथियों के बकाया भुगतान, और यहाँ तक कि कर्मचारी के पूर्व नियोक्ता से जुड़ी चूक के लिए भी दंडात्मक हर्जाने के जोखिम के कारण अक्सर कर्मचारियों को भविष्य निधि में नामांकित करने से बचते थे।

इस अनिश्चितता ने औपचारिक रोजगार को जोखिमपूर्ण बना दिया था, जबकि कड़े निकासी नियमों के कारण कर्मचारी संकट के समय अपनी बचत तक पहुँच नहीं पाते थे। 2025 में यह स्थिति बदल गई, जब कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पहले शामिल न किए गए श्रमिकों के लिए बिना पिछली देयताओं या जुर्माने के एक बार के नामांकन की अनुमति दी और निकासी प्रक्रिया को सरल बनाया। पात्रता अवधि 12 महीने मानकीकृत कर दिए जाने और कुल कोष का 75% तक निकालना संभव हो जाने से, इन सुधारों ने नियोक्ताओं के लिए भर्ती जोखिम कम कर दिया है और औपचारिकीकरण की प्रक्रिया को तेज़ कर दिया।

**ग्रामीण रोजगार:** 2047 की अर्थव्यवस्था के लिए 2005 के ढाँचे को अद्यतन करना

2025 के दूसरे प्रमुख श्रम सुधार ने विपक्ष को गलत कारणों से गुस्से से भर दिया। किसी ने यह नहीं कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण आय बढ़ाने में मदद नहीं की, लेकिन यह भी स्पष्ट था कि इसने टिकाऊ परिसंपत्तियाँ नहीं बनाई और तेजी से बदलती ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल नहीं कायम किया।

2005 में जब यह योजना शुरू हुई थी, तो ग्रामीण भारत में 5 में से 2 से ज्यादा लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे; आज यह संख्या 50 में से 2 से भी कम रह गई है-यानी इसमें दस गुना कमी आई है। साथ ही, मनरेगा के तहत किए जाने वाले कार्यों ने बुआई और कटाई के चरम मौसम में कृत्रिम श्रम संकट पैदा किया और किसानों की लागत बढ़ा दी। इन बदलावों ने इस सुधार को अनिवार्य बना दिया।

इस पृष्ठभूमि में, विकसित भारत-गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 एक निर्णायक पुनःस्थापना का प्रतिनिधित्व करता है। कानूनी गारंटी अब 125 दिनों तक बढ़ा दी गई है, लेकिन नए कानून में बुआई और कटाई के मौसम में 60 दिनों का विराम रखा गया है, ताकि किसानों की श्रम तक पहुँच सुनिश्चित हो सके। यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का वास्तव में सृजन सुनिश्चित करते हुए जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना, रोज़गार-संबंधी अवसंरचना और आपदा से होने वाली हानि को कम करने के उपायों जैसे चार प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है। सभी निर्मित परिसंपत्तियाँ विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में एकत्र की जाती हैं, जिससे संगठित और समन्वित राष्ट्रीय विकास रणनीति सुनिश्चित होती है।78

स्वतंत्रता के बाद पहली बार, भारत की श्रम नीति अतीत को नियंत्रित करने के बजाय अब भविष्य को सक्षम बनाने लगी है। अब श्रम को एक समस्या के रूप में नहीं देखा जाता जिसे नियंत्रित करना है, बल्कि इसे विकास, सम्मान और राष्ट्रीय परिवर्तन में एक साथी के रूप में देखा जाता है।

# बंगाल की खबरें

## पश्चिम बंगाल को 'पश्चिमी बांग्लादेश' बनाने की कोशिश की जा रही है : मिथुन चक्रवर्ती



**कूचबिहार :** अभिनय जगत से राजनीति में आए भाजपा के नेता मिथुन चक्रवर्ती ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल को 'पश्चिमी बांग्लादेश' में बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन ये प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। मिथुन ने कूचबिहार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणियों की आलोचना की और कहा कि यह कोई अलग देश नहीं है जैसा कि वह सोच रही होंगी। उन्होंने कहा कि बांकुड़ा जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भारत के गृह मंत्री को धमकी दी और कहा कि उन्होंने ही उन्हें कोलकाता के उस होटल से बाहर आने दिया जहां वे ठहरे हुए थे। काश वे स्पष्ट रूप से कह देतीं कि गृह मंत्री को बंगाल में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा, वह दिन विनाशकारी होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह कोई अलग देश नहीं है जैसा कि वह सोच रही होंगी। मिथुन चक्रवर्ती ने 1990 के दशक में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित अपनी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि बंगाल में भी इसी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल को पश्चिम बांग्लादेश में बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि गायिका लग्नाजिता चक्रवर्ती को देवी मां की प्रशंसा में एक गीत गाने के लिए परेशान किया गया है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि वे भले ही यह सोचते हों कि यह बांग्लादेश बन गया है, लेकिन वह दिन कभी नहीं आएगा। जब तक मिथुन चक्रवर्ती जैसे लोगों के शरीर में खून का एक भी कतरा बचा है, यह राज्य कभी बांग्लादेश नहीं बनेगा। हम संविधान में विश्वास रखते हैं, और इसीलिए हमने खुद को नियंत्रण में रखा है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का एकमात्र तरीका यह है कि सभी लोग एक साथ आएं। उन्होंने कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल के 'विवेकशील' समर्थकों से आगामी चुनावों में सरकार बदलने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। मिथुन चक्रवर्ती ने दावा किया कि राज्य में कोई उद्यम, उद्योग, रोजगार या उचित स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के अलावा इस राज्य में और कुछ नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि ममता बनर्जी सरकार ने केंद्र की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को लागू नहीं किया, क्योंकि 'शायद उसे लगता है कि इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बढ़ेगी'। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद हम सबसे पहले आयुष्मान भारत योजना शुरू करेंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 जनवरी, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, पौष शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 15:35 तक, नक्षत्र : आद्रा, 17:28 तक, योग : ब्रह्मा, 08:58 तक, सूर्योदय: 06:17, सूर्यास्त: 17:04, चन्द्रोदय : 16:58, चन्द्रास्त: 06:08, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 09:01 से 10:21

## राशिफल

**मेष :** राशि का स्वामी मंगल-सौम्य ग्रहों की संगति में है। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। सायंकाल के समय कोई रुका काम बनने की संभावना है।

**वृष :** आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी।

**मिथुन :** राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**कर्क :** चन्द्रमा द्वादश भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है।

**सिंह :** राशि का स्वामी सूर्य धनु राशि पंचम पराक्रम भाव में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा।

**कन्या :** राशि स्वामी बुध चतुर्थ भाव पराक्रम वृद्धि कर रहा हैं रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा।

**तुला :** आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है।

**वृश्चिक :** आपकी राशि पर शनि की स्थिति पंचम संतान लक्ष्मी भाव में हो गई है। फलस्वरूप कुछ आंतरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त, जड़ जमा रहे हैं। प्रणय सम्बन्ध प्रगाढ़ता की ओर बढ़ेंगे।

**धनु :** आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है।

**मकर :** आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा।

**कुम्भ :** आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि उदय चल रहा है। ऐसे में बिना कारण शत्रुता पैदा हो सकती है। सावधान रहें और झगड़े या विवाद से बचें।

**मीन :** आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : ईडी ने मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा की 3.60 करोड़ की संपत्ति की जब्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुधार प्रशासन मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा और उनके परिवार की लगभग 3.60 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर कुर्क की गई संपत्तियों के बारे में जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सिन्हा, उनकी पत्नी और उनके दो बेटों के नाम पर पंजीकृत कुल 10 संपत्तियां कुर्क की गईं, जिनमें मकान, फ्लैट, जमीन के टुकड़े और एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बोलपुर स्थित कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य उनकी खरीद मूल्य के आधार पर निर्धारित किया गया है। बता दें कि ईडी ने इस मामले में लगभग छह महीने पहले सिन्हा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। एसएमई और वस्त्र मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे सिन्हा ने पिछले साल छह सितंबर को अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। ईडी ने सिन्हा की हिरासत का अनुरोध किया था, लेकिन अदालत ने उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी थी। अधिकारी ने बताया कि मंत्री का नाम इस मामले के एक अन्य आरोपी कुंतल घोष से जब्त की गई डायरी में कथित तौर पर मिला था। ईडी ने नाम सामने आने के बाद बोलपुर और कोलकाता स्थित सिन्हा के आवासों पर कई बार छापेमारी की थी और लगभग 41 लाख रुपये नकद के साथ-साथ अन्य दस्तावेज भी बरामद किए थे।

## राज्य में न्यूनतम तापमान में होगी मामूली वृद्धि



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कई इलाकों में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिली। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि अगले दो दिन राज्य के दक्षिणी जिलों में तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। आईएमडी के अनुसार, रविवार से उप-हिमालयी जिलों में न्यूनतम तापमान में दो-तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। विभाग के मुताबिक, शनिवार को दार्जिलिंग जिले में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान राज्य में मौसम के मुख्य रूप से शुष्क रहने तथा कुछ स्थानों पर सुबह में हल्का से मध्यम कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है। आईएमडी के अनुसार, शुक्रवार को राज्य का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दार्जिलिंग में दर्ज किया गया। राज्य के मैदानी इलाकों में बीरभूम जिले का सूरी सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा, जिनमें बहरामपुर (8.4), उलुबेरिया (8.6), श्रीनिकेतन (8.8), कल्याणी (8.9), कृष्णानगर (9.2) और रायगंज (9.5) शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, कोलकाता में न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बृहस्पतिवार को दर्ज किये गए तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस से थोड़ा अधिक है।

## वर्ग पहेली नं. 3310

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | 7 | ■ | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | ■ | 11 | | | 12 | ■ | |
| | ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | ■ | 19 | | ■ |
| 20 | | ■ | 21 | | | 22 | ■ | 23 | 24 |
| 25 | | ■ | | ■ | 26 | | 27 | ■ | |
| | ■ | 28 | | 29 | ■ | 30 | | 31 | ■ |
| 32 | | | ■ | 33 | | | ■ | 34 | |

*बायें से दायें:-* 3) भारत में एक शहर, 6) जिरह; तर्कवितर्क, 8) परंपरा; पिटा पिटाया रास्ता; पगडंडी; रेखा, 10) उलझन; परिक्रमा, 11) डरना, 13) पल्ला; तलहटी, 15) भटकना, 17) एक देश, 19) ऊँचाई, 20) विधुरा, 21) सजावट, 23) एक फल, 25) धन, 26) किस्मत, 28) एक भाषा, 30) धावा, 32) झगड़ा, 33) साथ, 34) उपासक.

*ऊपर से नीचे:-* 1) ध्वज, 2) सावधान, 4) छलकता, 5) कुंजी, 7) संसदभवन, 9) मन की उपज, 12) निष्कारण, 14) *हिंदी में प्रोपेगैंडा,* 16) केला, 17) तात्पर्य, 18) निर्माण *(सेतु)*; गाँठ, 20) अशिष्ट, 22) सदुपदेश, 24) एक फल, 27) विस्फोटक गोला, 28) विलंबित; रुका, 29) एक सम संख्या, 31) आय; मुनाफ़ा.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | क़ा | बि | ल | ■ | ■ | दे | ह | ■ | अ |
| मु | ■ | ■ | ब | द | रा | ■ | र | फ़्ता | र |
| म | ला | ई | ■ | म | स | न | द | ■ | मा |
| कि | ■ | मा | शू | क | ■ | न | म | की | न |
| न | म | न | ■ | ■ | प | द | ■ | च | ■ |
| ■ | न | ■ | अ | डि | ग | ■ | क | ड़ | क |
| ब | च | प | न | ■ | ला | चा | र | ■ | भी |
| ग | ला | ■ | श | र | ■ | ट | ■ | रं | क |
| ला | ■ | त | न | त | ना | ना | ■ | भा | भी |

## सुडोकू-पहेली-3268

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | | | | 5 |
| 5 | 8 | | | | 1 | | | 4 |
| | | | | 9 | | | 6 | |
| 1 | | | 2 | | | 4 | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 8 | |
| | 6 | 9 | 8 | | | 3 | 1 | |
| | 5 | | 1 | | | | | |
| 2 | 1 | | | 6 | | | | 8 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3267 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 1 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 |

# राज्य के लोगों के अधिकारों को सीमित कर रही भाजपा : अभिषेक बनर्जी

**❑ तृणमूल नेता ने फूंका तृणमूल कांग्रेस का सियासी बिगुल, चुनाव आयोग और भाजपा पर साधा निशाना**



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग (ईसीआई) और भाजपा पर निशाना साधा। दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर से अपने चुनाव अभियान का आगाज करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ साठगांठ करके 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) प्रक्रिया के जरिए राज्य के लोगों के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास कर रही है। अभिषेक ने 'अबार जीत बे बांग्ला' (बंगाल फिर जीतेगा) का नारा बुलंद करते हुए दावा किया कि राज्य की जनता आगामी चुनावों में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने और उन्हें 'विदाई' देने के लिए पूरी तरह तैयार है। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा एसआईआर की आड़ में बंगाल के लोगों के अधिकारों को सीमित करना चाहती है, लेकिन जनता उन्हें करारा जवाब देगी। आज मैं बारुईपुर से इस महाअभियान की शुरुआत कर रहा हूं। कल मैं अलीपुरद्वार जाऊंगा और ममता बनर्जी के एक सिपाही के रूप में हर जिले में जाकर जमीनी लड़ाई लड़ूंगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तंज कसते हुए अभिषेक ने उन्हें 'वैनिश कुमार' (गायब करने वाला) करार दिया। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि तैयार हो जाइए, टीएमसी दिल्ली की ओर बढ़ रही है, जिसके बाद गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयोग (मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार) पानी में बह जाएंगे।

**❑ 2021 की तुलना में एक सीट ज्यादा जीतेगी**

जनसभा को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस 2021 की तुलना में कम से कम एक सीट ज्यादा जीतेगी। उन्होंने कहा कि वह अतिरिक्त सीट दक्षिण 24 परगना से होनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि 2021 में जिले की 31 विधानसभा सीटों में से 30 पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी और केवल भांगड़ सीट पर हार मिली थी। उन्होंने कहा कि इस बार भांगड़ सीट किसी भी हाल में जीतनी होगी।

**❑ शुभेंदु अधिकारी और 'हिंदुत्व' पर सवाल**

अभिषेक बनर्जी ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के उस बयान पर भी पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार को बंगाल की ममता सरकार से बेहतर बताया था। अभिषेक ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी कहते हैं कि यूनुस सरकार बंगाल से बेहतर शासन चला रही है, जबकि वहां (बांग्लादेश में) दीपू दास की हत्या कर दी गई। क्या यही भाजपा का हिंदुत्व है? उन्होंने कहा जो लोग रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का अपमान करते हैं, वे भला बंगाल को क्या बचाएंगे?

**❑ 'डेड' वोटर्स को लेकर हमला**

इस दौरान, अभिषेक बनर्जी ने मंच पर तीन वोटर्स को खड़ा किया, जिन्हें एसआईआर में मृत करार दिया गया है। अभिषेक बनर्जी ने मंच पर दो पुरुष और एक महिला को खड़ा किया। उनके नाम मोनिरुल इस्लाम मोल्ला, हरेकृष्ण गिरी और माया दास हैं। तीन लोगों के साथ मंच पर चलते हुए उन्होंने कहा कि इन दोनों सज्जनों का घर मटियाब्रुज में है और महिला का घर काकद्वीप विधानसभा में है। आप स्टेज पर मुझे मिलाकर चार लोगों को देख रहे हैं, लेकिन इलेक्शन कमीशन उन्हें नहीं देख सकता। उन्हें मरा हुआ घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अकेले दक्षिण 24 परगना जिले में 24 लोग हैं, जो जिंदा हैं लेकिन उन्हें मरा हुआ दिखाया गया है। क्या आपने कभी मरे हुए लोगों को रैंप पर चलते देखा है? इसीलिए मैंने रैंप बनवाया है।

## एंटीबायोटिक के अंधाधुंध इस्तेमाल पर लगाम लगाने की दिशा में राज्य सरकार



**कोलकाता :** एंटीबायोटिक के अनियंत्रित और गैर-जरूरी इस्तेमाल पर रोक लगाने के उद्देश्य से राज्य सरकार राज्य स्तर पर 'स्टेट एंटीबायोटिक एक्शन प्लान' लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। आगामी 9 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग की पहल पर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें इस राज्यस्तरीय एक्शन प्लान के मसौदे को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य और पर्यावरण विभाग को भी एक साझा मंच पर लाया जा रहा है, ताकि एक समन्वित 'वन हेल्थ' योजना तैयार की जा सके। इस योजना के तहत मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण-तीनों पहलुओं पर एकसाथ काम किया जाएगा।

उदाहरण के तौर पर, जिन क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप अधिक है, वहां गप्पी मछली पालन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा पशुपालन और वन विभाग को भी इस समन्वित प्रयास से जोड़े जाने की संभावना है। राज्य सरकार का मानना है कि इस संयुक्त रणनीति से एंटीबायोटिक प्रतिरोध जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

## गंगासागर मेला को निर्विघ्न बनाने के लिए कोलकाता नगर निगम में उच्चस्तरीय बैठक



**कोलकाता :** गंगासागर मेला की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए कोलकाता नगर निगम में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। इस महत्वपूर्ण बैठक की पहल राज्य के मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हाकिम ने की है।

बैठक में विभिन्न विभागों के मेयर परिषद सदस्य, कोलकाता नगर निगम के सभी विभागीय प्रमुख, नगर आयुक्त और सचिव उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, दमकल विभाग के अधिकारी तथा परिवहन विभाग के शीर्ष अधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे।

हर वर्ष की तरह इस साल भी देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों साधु-संत और श्रद्धालु गंगासागर मेला में शामिल होने के लिए कोलकाता के बाबूघाट और आसपास के इलाकों में एकत्रित होंगे। इसे ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा, खान-पान की व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, अग्नि सुरक्षा और गंगासागर के लिए सुचारु यात्रा व्यवस्था जैसे सभी पहलुओं पर बैठक में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

कोलकाता नगर निगम के अनुसार, मेला के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह समन्वयात्मक बैठक आयोजित की गई है।

## एसआईआर : सुनवाई केंद्रों में बीएलए को प्रवेश की अनुमति नहीं देने पर चुनाव आयोग ने दिया स्पष्टीकरण




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावों और आपत्तियों की सुनवाई के दौरान बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) को शामिल करने की तृणमूल कांग्रेस की मांग को खारिज करने पर चुनाव आयोग ने अपनी स्थिति साफ कर दी है। आयोग का कहना है कि व्यावहारिक दिक्कतों और सभी दलों के लिए समान नियम लागू रखने के कारण यह मांग स्वीकार नहीं की जा सकती। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यदि किसी एक राजनीतिक दल को सुनवाई केंद्रों में बूथ स्तरीय एजेंटों की मौजूदगी की अनुमति दी जाती है, तो राज्य में चुनाव आयोग में पंजीकृत सभी राजनीतिक दलों को भी यही सुविधा देनी पड़ेगी। राज्य में इस समय छह राष्ट्रीय और दो राज्य स्तरीय दल पंजीकृत हैं। ऐसी स्थिति में हर सुनवाई मेज पर लोगों की संख्या काफी बढ़ जाएगी। अधिकारी के अनुसार, एक ही मेज पर निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर और सभी राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय एजेंट मौजूद होंगे। इतने लोगों की मौजूदगी में सुनवाई की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से चलाना मुश्किल हो जाएगा। इसी कारण सुनवाई केंद्रों में बूथ स्तरीय एजेंटों को शामिल करने का फैसला व्यावहारिक नहीं माना गया। उनका कहना है कि चुनाव आयोग किसी भी दल की ताकत या कमजोरियों के अनुमान के आधार पर नियम नहीं बना सकता। आयोग को सभी राजनीतिक दलों के लिए समान और व्यावहारिक नियम लागू करने होते हैं और इसी आधार पर सुनवाई केंद्रों में बूथ स्तरीय एजेंटों को अनुमति न देने का फैसला लिया गया है।

## जनवरी में कोलकाता का क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लगाएगा पासपोर्ट अदालत

**कोलकाता, समाज्ञा :** लंबित पासपोर्ट आवेदनों के त्वरित निपटान के उद्देश्य से विदेश मंत्रालय के अधीन क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ), कोलकाता द्वारा जनवरी माह में पासपोर्ट अदालतों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। यह पहल आवेदकों को एक विशेष अवसर प्रदान करेगी, जिसके माध्यम से उनके लंबित पासपोर्ट आवेदनों की जांच एवं प्रक्रिया एक ही दिन में पूरी की जा सकेगी। आरपीओ कोलकाता की ओर से जारी जानकारी के अनुसार पासपोर्ट अदालतों का आयोजन 6, 8, 13, 15, 20 और 29 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, कोलकाता परिसर में किया जाएगा। प्रत्येक दिन कुल 800 आवेदकों के आवेदन लिए जाएंगे, जिन्हें पांच निर्धारित समय स्लॉट में विभाजित किया गया है। पासपोर्ट अदालत का समय प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक रहेगा, जबकि दोपहर 2.00 से 2.30 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। स्लॉट-1 में 300, स्लॉट-2 में 200 तथा स्लॉट-3, 4 और 5 में 100-100 आवेदकों को शामिल किया जाएगा।

पासपोर्ट अदालत के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए इन सभी तिथियों पर टेलीफोन पूछताछ एवं वॉक-इन नियुक्तियां स्थगित रहेंगी। आवेदकों को केवल अपने निर्धारित समय स्लॉट से 15 मिनट पूर्व ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी तथा किसी अन्य तिथि या समय पर प्रवेश मान्य नहीं होगा। सभी आवेदकों को पासपोर्ट अदालत अंकित मूल नियुक्ति पत्र, आवश्यक मूल दस्तावेज एवं उनकी स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां साथ लाना अनिवार्य होगा। आधार धारकों को ई-आधार या पीवीसी आधार कार्ड लाने की सलाह दी गई है। नाबालिग आवेदकों के मामलों में दोनों अभिभावकों की उपस्थिति आवश्यक होगी। आरपीओ ने स्पष्ट किया है कि यह लंबित आवेदनों की प्रक्रिया का एकमात्र अवसर है। दस्तावेज अपूर्ण पाए जाने या अवसर का लाभ न उठाने पर आवेदन बंद किए जा सकते हैं। आवेदकों से सभी निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

### राज्य में बार काउंसिल चुनाव की घोषणा के साथ ही अनियमितताओं के आरोप

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल बार काउंसिल के चुनाव की घोषणा होते ही अनियमितताओं को लेकर कई आरोप सामने आने लगे हैं। आरोप है कि चुनावी सूची में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम शामिल नहीं है, वहीं कई अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं या उनके नाम गलत तरीके से दर्ज किए गए हैं। इन आरोपों को लेकर कई अधिवक्ताओं ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल के खिलाफ कोलकाता हाईकोर्ट का रुख किया है। न्यायमूर्ति कृष्णा राव की पीठ के समक्ष मामले की त्वरित सुनवाई के लिए आवेदन किया गया है। उल्लेखनीय है कि बार काउंसिल का यह चुनाव 19 और 20 फरवरी को होना है, जिसके लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो चुकी है। न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने मामले की आपात सुनवाई की अनुमति दे दी है और संभावना है कि 7 जनवरी को इस पर सुनवाई हो सकती है। इस बीच, चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों से बार काउंसिल चुनाव की निष्पक्षता पर बहस तेज हो गई है।

## नगरपालिका भर्ती घोटाले की चार्जशीट में आईएएस अधिकारी शामिल, अयन शील की कंपनी का भी नाम

**कोलकाता :** नगर निकायों में भर्ती घोटाले को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को अपनी अंतिम चार्जशीट दाखिल कर दी। यह चार्जशीट अलीपुर स्थित विशेष सीबीआई अदालत में पेश की गई है। चार्जशीट में एक आईएएस अधिकारी के साथ-साथ अयन शील की एक निजी कंपनी का नाम भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, राज्य के आईएएस अधिकारी ज्योतिष्मान चट्टोपाध्याय को चार्जशीट में अभियुक्त के रूप में दर्शाया गया है। ज्योतिष्मान चट्टोपाध्याय वर्ष 2017 से 2019 तक नगर एवं शहरी विकास विभाग के अंतर्गत डायरेक्टरेट ऑफ लोकल बॉडीज (डीएलबी) के महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत थे और सितंबर 2018 में उन्हें निदेशक नियुक्त किया गया था। गौरतलब है कि नगर एवं शहरी विकास विभाग के अंतर्गत डीएलबी के माध्यम से ही नगर निकायों में नियुक्तियों की प्रक्रिया अंतिम रूप पाती है। नियुक्तियों में किसे काम मिलेगा, इसकी निगरानी भी डीएलबी करता है। जांच एजेंसी का दावा है कि इसी पद का दुरुपयोग कर ज्योतिष्मान चट्टोपाध्याय कथित रूप से भर्ती घोटाले में शामिल हुए। सीबीआई को उनके आवास से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद हुए थे, जिनके आधार पर चार्जशीट में उनका नाम जोड़ा गया है। इसके अलावा चार्जशीट में अयन शील की कंपनी एबीएस इन्फोज़ोन प्राइवेट लिमिटेड का भी उल्लेख किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दायर पहली चार्जशीट में अयन शील और दक्षिण दमदम नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन पांचुगोपाल राय के नाम शामिल थे। सीबीआई की इस नई चार्जशीट के बाद नगर भर्ती घोटाले में राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।



# गंगासागर मेला 2026 के लिए सियालदह मंडल ने तैयार की व्यापक परिवहन कार्ययोजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर मेला 2026 के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने एक विस्तृत और उन्नत परिवहन कार्ययोजना तैयार की है। शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना ने मेले के दौरान लागू की जाने वाली विशेष व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की।

डीआरएम ने बताया कि गंगासागर मेला के लिए विशेष प्रबंध 9 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक लागू रहेंगे। यात्रियों के सुचारु आवागमन और समन्वय के लिए काकद्वीप में 24 घंटे मेला अधिकारियों की तैनाती की गई है। इस वर्ष ट्रेन सेवाओं, भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और चिकित्सा सहायता के क्षेत्र में कई नए और प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार प्रतिदिन 23 जोड़ी ईएमयू ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिनमें सियालदह से नामखाना और काकद्वीप के बीच 10 जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। अतिरिक्त ट्रेन सेवाओं के दिनों की संख्या भी बढ़ाई गई है। जहां वर्ष 2025 में कुल 72 ट्रेनें चलाई गई थीं, वहीं गंगासागर मेला 2026 के लिए 126 ट्रेनों का प्रावधान किया गया है।



सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में गंगासागर मेला 2026 के दौरान सियालदह से काकद्वीप/नामखाना जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सियालदह मंडल द्वारा की गई व्यापक व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

भीड़ नियंत्रण के लिए सियालदह स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 15 और 16 तथा काकद्वीप स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 को मेला यात्रियों के लिए आरक्षित किया गया है। यात्रियों के लिए 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर सुव्यवस्थित बोर्डिंग प्रणाली लागू की गई है। प्रवेश और निकास के लिए एकतरफा मार्ग तय किए गए हैं, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सियालदह, काकद्वीप और नामखाना में आधुनिक होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, जहां बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय और एम-यूटीएस टिकटिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही स्टेशनों और संपर्क मार्गों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था, 24 घंटे पेयजल आपूर्ति और सफाई के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं।

सुरक्षा के मद्देनजर 54 अधिकारी और 340 आरपीएफ कर्मियों की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, डॉग स्क्वायड, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस और चिकित्सकीय स्टाफ की भी व्यवस्था की गई है। श्री सक्सेना ने कहा कि गंगासागर मेला केवल एक प्रबंधन कार्य नहीं, बल्कि एक पवित्र जिम्मेदारी है और यात्रियों से सहयोग की अपील की।

# उच्च माध्यमिक स्तर पर भी तबादला प्रक्रिया स्थगित, उत्सश्री पोर्टल को लेकर आयोग का नोटिस जारी

**कोलकाता :** प्राथमिक के बाद अब माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर भी सामान्य (जनरल) तबादला प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। स्कूल सर्विस कमीशन के माध्यम से कक्षा 9-10 और 11-12 के लिए नियुक्त प्रक्रिया फिलहाल जारी है। इसके अलावा ग्रुप-सी और ग्रुप-डी पदों पर भी नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने वाली है। इन्हीं कारणों से शिक्षा विभाग ने 30 जून तक 'उत्सश्री' पोर्टल के जरिए सामान्य तबादले की प्रक्रिया स्थगित रखने का निर्णय लिया है और इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है।

हालांकि अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि सामान्य तबादला फिलहाल स्थगित रहेगा, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर पारस्परिक तबादला (म्यूचुअल ट्रांसफर) की अनुमति दी जा सकती है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले शिक्षा विभाग ने उत्सश्री पोर्टल के माध्यम से प्राथमिक शिक्षकों के सामान्य तबादले को भी 30 जून तक स्थगित रखने की घोषणा की थी।

इस फैसले को लेकर शिक्षक संगठनों ने सवाल उठाया है कि जब म्यूचुअल ट्रांसफर में किसी प्रकार की समस्या नहीं होती, तो फिर उसे शुरू क्यों नहीं किया जा रहा। उनका कहना है कि म्यूचुअल ट्रांसफर पोर्टल खुला रखकर तबादले की प्रक्रिया चालू की जानी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि शिक्षक-शिक्षिकाओं के म्यूचुअल ट्रांसफर, जनरल ट्रांसफर और मेडिकल ग्राउंड पर होने वाले तबादले की पूरी प्रक्रिया उत्सश्री पोर्टल के माध्यम से ही होती है। लेकिन सामान्य तबादले के लिए रिक्त पदों की सूची को लेकर जटिलताओं के कारण यह पोर्टल वर्ष 2022 से ही बंद है। अब इसे और छह महीने तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## एलएंडटी फाइनेंस ने लॉन्च की साइबर सुरक्षा पहल 'सचेत विद सचेत'

**कोलकाता :** एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने 'सचेत विद सचेत' नामक एक नई साइबर सुरक्षा पहल की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को डिजिटल वित्तीय दुनिया में सुरक्षित तरीके से निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी और टूल्स से सशक्त बनाना है। एलटीएफ के फाइनेंशियल अवेयरनेस मैस्कॉट सचेत कुमार के एनिमेटेड अवतार के माध्यम से यह पहल इंटरैक्टिव टेक्नोलॉजी और गेमिफाइड लर्निंग को जोड़ती है, ताकि नए साल 2026 में सुरक्षित डिजिटल आदतों को बढ़ावा दिया जा सके। एलटीएफ की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कविता जगतियानी ने कहा कि 'सचेत विद सचेत' के माध्यम से एलटीएफ का प्रयास है कि हर नागरिक जागरूक और सशक्त बने, ताकि 'स्कैम-स्मार्ट' होना एक सामान्य डिजिटल आदत बन सके।

# दक्षिण हावड़ा की तृणमूल विधायक नंदिता चौधरी को एसआईआर सुनवाई में तलब

**हावड़ा, समाज्ञा :** दक्षिण हावड़ा की तृणमूल कांग्रेस विधायक नंदिता चौधरी को निर्वाचन आयोग की एसआईआर सुनवाई में तलब किया गया है। इससे पहले इसी प्रक्रिया में जिला परिषद के उपाध्यक्ष अजय भट्टाचार्य को भी बुलाया गया था। राज्यभर में मतदाता सूची के दस्ता-वेज सत्यापन और सुनवाई के सिलसिले में कई मतदाताओं को सुनवाई में उपस्थित होना पड़ रहा है, और इसी क्रम में नंदिता चौधरी का नाम भी शामिल हुआ है।

निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार, 4 जनवरी को हावड़ा मैदान स्थित एसआईआर सुनवाई केंद्र में विधायक को उपस्थित होने के लिए कहा गया है। सुनवाई का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। नंदिता चौधरी ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उन्हें क्यों तलब किया गया है और इसकी जानकारी उन्हें सुनवाई के दिन ही मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह निश्चित रूप से सुनवाई में भाग लेंगी।

विधायक ने निर्वाचन आयोग की भूमिका पर अपनी नाराजगी भी व्यक्त की। उनका आरोप है कि वह 1982 से मतदाता हैं और 2002 के मतदाता सूची में भी उनका नाम था, और उस चुनाव में उन्होंने मतदान किया था। इसके बावजूद उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया गया। नंदिता चौधरी का कहना है कि यह कदम केवल इसलिए उठाया गया क्योंकि वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी नेता अभिषेक बनर्जी की समर्थक हैं। यह घटना दक्षिण हावड़ा में राजनीतिक हलचल बढ़ाने वाली मानी जा रही है और स्थानीय राजनीतिक माहौल में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# गोयनका मंदिर में नववर्ष पर भजन संध्या आयोजित





**कोलकाता, समाज्ञा :** नववर्ष 2026 का आगाज गोयनका मंदिर कोलकाता में श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति द्वारा आयोजित भजन संध्या के साथ हुआ। प्रसिद्ध भजन प्रवाहक हर्षिता डीडवानिया, कमल गोयनका, पवन गोयनका, (सोनू), आयुषी गोयनका तथा विशेष आमंत्रित लव अग्रवाल के मनभावक भजनों की सरिता का सभी भक्तों ने झूम-झूमकर आनंद उठाया।

कार्यक्रम में गोविंद राम गोयनका, सज्जन गोयनका, राजकुमार गोयनका (साल्टलेक), प्रसिद्ध समाजसेवी पवन बंसल, विनोद गोयनका, इंदरचंद गोयनका, पवन गोयनका (लाड्र्स), ईश्वर प्रसाद गोयनका, सुभाष चंद्र गोयनका, कमल गोयनका, प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, पवन गोयनका (पंचवटी), प्रदीप कुमार गोयनका, निर्मल गोयनका, श्रवण गोयनका, राम रतन गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), शिव रतन गोयनका, विपुल गोयनका, अजय गोयनका, पवन गोयनका (काकुडगाछी), श्याम गोयनका, आदित्य गोयनका, शोभा गोयनका, प्रभा गोयनका, आशा गोयनका, कुसुम गोयनका, अंजू गोयनका, रेनू गोयनका (काकुडगाछी), शीला गोयनका, माया गोयनका, कविता गोयनका, सुशीला गोयनका, रेनू गोयनका, शिखा गोयनका, मोना गोयनका, सरोज गोयनका, रूपा गोयनका, पूजा गोयनका सहित महानगर के सभी दादी भक्तों सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारीयो की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। यह जानकारी समिति के सचिव सुभाष चंद्र गोयनका ने दी।

# सीआईएसएफ जवानों की तैनाती से ठप पढ़ाई!

**❑ समाधान की मांग को लेकर टैंगरा के चीनी स्कूल की हाईकोर्ट में याचिका**

**कोलकाता :** सीआईएसएफ जवानों की लंबे समय से तैनाती के कारण टैंगरा स्थित चीनी समुदाय के एकमात्र स्कूल पेई मे स्कूल में पढ़ाई पूरी तरह से ठप पड़ी है। इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर स्कूल प्रबंधन ने कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष अगस्त में आर.जी. कर अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद, शहर की सुरक्षा के मद्देनज़र सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अतिरिक्त सीआईएसएफ जवानों की तैनाती की गई थी। तभी से ये जवान टैंगरा के पेई मे स्कूल परिसर में रह रहे हैं, जिसके चलते स्कूल की पढ़ाई बंद है।

बताया गया कि स्कूल के कुल 18 कक्षाओं में सीआईएसएफ जवान ठहरे हुए हैं, जिससे अगस्त 2024 से जनवरी 2026 तक स्कूल बंद पड़ा है और छात्रों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हुई है। अभिभावकों में भी गहरी चिंता है कि बच्चों की पढ़ाई आखिर कब फिर से शुरू होगी।

शुक्रवार को न्यायमूर्ति कृष्णा राव की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने इस संबंध में राज्य सरकार से दस्तावेज तलब किए हैं। राज्य की ओर से बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत ही सीआईएसएफ जवानों की तैनाती की गई है। न्यायमूर्ति राव ने इस पर राज्य के पास उपलब्ध दस्तावेजों को देखने की इच्छा जताई है।

मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी। फिलहाल स्कूल खुलने और नियमित पढ़ाई बहाल होने को लेकर अभिभावकों और छात्रों की चिंता बनी हुई है।

# पश्चिम बंगाल में भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल अपनी रेलवे संरचना में एक नया ऐतिहासिक अध्याय जोड़ने जा रहा है, क्योंकि राज्य में भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परिचालन शुरू होने वाला है। यह ट्रेन न केवल राज्य के दक्षिणी और उत्तरी हिस्सों को जोड़ती है, बल्कि पड़ोसी राज्य असम से भी जोड़कर अंतरराज्यीय हाई-स्पीड रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी, जिससे यात्रा समय में महत्वपूर्ण कमी आएगी।

मेक इन इंडिया पहल के तहत अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित यह वंदे भारत स्लीपर ट्रेन यात्रियों को रात भर की यात्रा के दौरान आरामदायक और कंपन मुक्त सफर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। वायु यात्रा की तुलना में कम किराया और समय की बचत इसे लंबी दूरी के यात्रियों के लिए किफायती और प्रीमियम यात्रा विकल्प बनाती है।

यह ट्रेन पश्चिम बंगाल के प्रमुख जिलों-हावड़ा, हुगली, पूर्व वर्दवान, मुर्शिदाबाद, मालदह, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार को जोड़ती है और असम के बोंगाईगांव और कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिलों में भी सेवा प्रदान करेगी। इस नई कनेक्टिविटी से पर्यटन,



व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, साथ ही यात्रियों के लिए यात्रा अधिक सुविधाजनक और आसान होगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आधुनिक रेलवे यात्रा का नया मानक स्थापित करती है, जिसमें उच्च गति, सुरक्षा और आराम को एक साथ जोड़ा गया है। भारतीय रेलवे इस ऐतिहासिक पहल के माध्यम से देश भर में विश्वस्तरीय और यात्रियों-केंद्रित रेल सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखता है।

# 'उदयन एनजीओ' की पाँच बच्चियों को भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ 'मीट एंड ग्रीट' का अवसर मिला

**कोलकाता :** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने कोलकाता के 'उदयन एनजीओ' की पाँच युवा लड़कियों के लिए एक विशेष 'मीट एंड ग्रीट' का आयोजन किया। एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापत्तनम में आयोजित इस कार्यक्रम ने इन बच्चियों को राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ आमने-सामने बातचीत करने का एक दुर्लभ और प्रेरणादायक अवसर प्रदान किया। उदयन एनज-ीओ की इन पाँच लड़कियों- सुपर्णा महतो (9), एंजेल बाउरी (10), रोशनी कर्मकार (10), मिनाती बास्के (10) और अनुराधा मांडी (11) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कुछ सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ियों, जिनमें हरमनप्रीत कौर, स्नेह राणा, शेफाली वर्मा और हरलीन देओल शामिल थीं, के साथ एक यादगार दिन बिताया। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर रवींद्र शर्मा ने कहा, एसबीआई लाइफ में हमारा मानना है कि वास्तविक सशक्तिकरण केवल वित्तीय सुरक्षा तक सीमित नहीं है, यह सपनों को संजोने, आत्मविश्वास बढ़ाने और साहस को प्रेरित करने के बारे में है। उदयन के निदेशक के.एल. जॉर्ज ने कहा, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस उदयन के बच्चों के लिए लंबे समय से समर्थक रहा है। इस तरह के अवसर बच्चे के आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति उनके दृष्टिकोण को आकार देने में शक्तिशाली भूमिका निभाते हैं।

# बेरीवाली माता मंदिर का पंचम वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**कोलकाता :** महाभारत युद्ध पूर्व पाण्डव पुत्र भीम की आराध्या मां भीमेश्वरी देवी बेरीवाली का पंचम वार्षिकोत्सव हेस्टिंग्स स्थित मंदिर में अनुष्ठित हुआ। इस अवसर पर प्रातः सत्र में मंगलपाठ का आयोजन हुआ जिसमें विशाल संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। संध्या सत्र में भजनों की अमृतवर्षा हुयी। बेरीवाली मां भीमेश्वरी के भक्तों ने नव वर्ष पर आयोजित महोत्सव में विशाल संख्या में उप-स्थित होकर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर अयोध्या मंदिर से जुड़े महंत नृत्यगोपाल दास जी के सुशिष्य रामगोपाल दास जी ने कहा कि अंग्रेजी नववर्ष पर क्लब संस्कृति सनातन परम्पराओं को नष्ट कर रही है। यहां भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने



जागरूकता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की मूलभूत अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम की है। हमारी आस्था पतित पावनी मां गंगा की तरह पवित्र और लोकहितैषी होनी चाहिए।

इस अवसर पर सर्वश्री ललित बेरीवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, पवन अग्रवाल, रामगोपाल बंसल, सजन कुमार बंसल, सुनील बंसल, सुरेश बंसल, बृजमोहन बेरीवाल (एसआरएमबी), हरि मोहन बेरीवाल, पुरुषोत्तम बेरीवाल, अनिल जिंदल, बृजेश बेरीवाल, आनन्द गुप्ता, संजय अग्रवाल सरीखे विशिष्टजन आयोजन में सहभागी रहे। आयोजन की सफलता हेतु सर्वश्री अनिल बेरीवाल, राजू मित्तल, अरूण अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, विजय बेरीवाल, ललित गोयल, आनन्द बंसल, अशोक बेरीवाल, सुनील गुप्ता, दीपक गोयल व सुरेश अग्रवाल ने आयोजन की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई। राजकुमार मित्तल ने कार्यक्रम का भावपूर्ण संचालन किया।

## कोलकाता के मरीजों को अब जटिल यूरोलॉजी इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं

**कोलकाता :** यूरोलॉजी से जुड़ी परेशानी झेल रहे मरीजों के लिए सबसे बड़ी चिंता होती है सही डॉक्टर, सुरक्षित सर्जरी और जल्दी ठीक होना। अक्सर जटिल मामलों में इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय, पैसा और तनाव तीनों बढ़ जाते हैं। कोलकाता के मरीजों को अब इस झंझट से राहत मिलने जा रही है। आरजी स्टोन यूरोलॉजी एंड लैप्रोस्कोपी हॉस्पिटल्स में एक ऐसे विशेषज्ञ जुड़े हैं, जिनसे उन्नत इलाज अब यहीं संभव होगा। आरजी स्टोन ने अपने ढकुरिया सेंटर में डॉ. ज़ीशान रहमान को कंसल्टेंट-यूरोलॉजी के रूप में नियुक्त किया है। 15 वर्षों से अधिक अनुभव वाले डॉ. रहमान के जुड़ने से मरीजों को अब कम दर्द वाली, कम चीरे की और आधुनिक रोबोटिक यूरोलॉजी सर्जरीज़ स्थानीय स्तर पर मिल सकेंगी। इसका सीधा फायदा यह होगा कि जटिल ऑपरेशन के लिए दिल्ली या अन्य बड़े शहरों में जाने की मजबूरी कम होगी।

## सामाजिक संस्था उड़ान, श्री भूमि ने जगन्नाथ मंदिर (काकुरगाछी) में खुशियां बांट कर नव वर्ष मनाया




**कोलकाता :** सामाजिक संस्था उड़ान, श्री भूमि ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नव वर्ष के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर, काकुरगाछी में बच्चों और जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटी। संस्था के सदस्य इस बार भी मौज-मस्ती के क्लबों की बजाय समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ नव वर्ष मनाने और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए मैदान में उतरे। कार्यक्रम में बच्चों को उनके पढ़ने-लिखने की सामग्री प्रदान की गई, वहीं आसपास के बस्तियों में जरूरतमंदों के बीच कंबल, ऊनी कपड़े और खिचड़ी वितरित की गई। इस पहल को वहां उपस्थित लोगों ने अत्यंत सराहा। हवन के माध्यम से देश की शांति और समृद्धि की प्रार्थना भी की गई। संस्था की चेयरपर्सन किरण अग्रवाल के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टेट बैंक के सहयोग से संस्था के सदस्य आशा जिन्दल, भावना, प्रभा, शीतल अग्रवाल, हेमा किसान, निशु, साखी, स्वेता टिबरेवाल, रितु, सरोज, मनिषा जैन, खुशी, मीनू, सरिता शर्मा, मधु रस्तोगी, रंजना, स्वीटी, काजल और मुस्कान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद संयोजक लक्ष्मण अग्रवाल ने दिया। वहीं संजू, विजय डोकानियां और बिक के श्री दिनेश गोयल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## दोस्त को बचाने के दौरान युवक की नहर में डूबकर मौत

**बर्दवान :** नए साल के जश्न के बीच बर्दवान के कंचननगर इलाके में दोस्त की जान बचाने के प्रयास में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपंकर शील (33) के रूप में हुई है। वह बर्दवान शहर के रथतला पुरातन कॉलोनी का निवासी था। यह दर्दनाक घटना कंचननगर चंडीतला के पास डीवीसी नहर में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को नववर्ष के अवसर पर कुछ युवक कंचननगर चंडीतला इलाके में डीवीसी नहर के किनारे पिकनिक मनाने पहुंचे थे। दोपहर के समय उन्हीं में से एक युवक विजय दास नहर में नहाने उतरा। अचानक वह गहरे पानी में डूबने लगा। दोस्त को डूबते देख दीपंकर शील खुद को रोक नहीं पाया और बिना अपनी जान की परवाह किए नहर में छलांग लगा दी। दीपंकर की अथक कोशिशों से विजय दास किसी तरह बाहर निकलने में सफल हो गया, लेकिन इसके बाद हादसा हो गया। बचाव कार्य के दौरान थकान और तेज बहाव के कारण दीपंकर खुद पानी में डूब गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। करीब एक घंटे की तलाश के बाद दीपंकर का शव नहर से बरामद किया गया। उसे तुरंत बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बर्दवान दक्षिण के विधायक खोकन दास अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चार दिन से लापता भाजपा कार्यकर्ता का शव तालाब से बरामद, हत्या का आरोप

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मोयना थाना क्षेत्र में एक भाजपा कार्यकर्ता का शव तालाब से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान सुदामपुर गांव निवासी सुब्रत अधिकारी (33) के रूप में हुई है। घटना हत्या है या महज दुर्घटना, अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार की सुबह सुब्रत अधिकारी का शव उनके घर के पास स्थित एक तालाब से बरामद किया गया। परिवार का दावा है कि सुब्रत की कहीं और हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया है। इस संबंध में परिजनों की ओर से मोयना थाने में हत्या की शिकायत दर्ज कराई गई है। उनके परिवार ने बताया कि सुब्रत मोयना के 194 नंबर बूथ के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता थे। बीते रविवार की शाम वह स्थानीय बलाइपांडा इलाके में आयोजित हनुमान पूजा देखने के लिए घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। रविवार की रात से ही वह लापता थे। काफी खोजबीन के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो सोमवार को परिवार ने मोयना थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। घटना को लेकर भाजपा ने सीधे तौर पर राजनीतिक हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोयना थाने की पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# श्री श्याम मंदिर आलमबाजार में उमड़ा आस्था का सैलाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** खाटूवाले श्याम प्रभु के पावन धाम श्री श्याम मंदिर, आलमबाजार में नववर्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। बाबा श्याम के मनोहारी एवं अद्वितीय श्रृंगार के दर्शन हेतु श्रद्धालु अत्यंत उत्साहित नजर आए। नववर्ष के आगमन पर हजारों श्रद्धालु कतारबद्ध होकर गगनभेदी जयकारों के साथ बाबा श्याम के दर्शन करते रहे। भक्तों की आस्था और श्रद्धा का यह क्रम देर रात तक निरंतर जारी रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा से अपनी-अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। श्री राम दरबार युवा मंडल-हिन्दमोटर, श्री श्याम परिवार-माखला एवं श्री श्याम भक्त मंडल-हिन्दमोटर के तत्वावधान में भक्तों ने पैदल यात्रा कर बाबा श्याम को निशान अर्पित किए। मंदिर प्रशासन की ओर से सभी निशान यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई थी। मंदिर के प्रबंध



न्यासी गोविन्द मुरारी अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर अध्यक्ष राजपाल गुप्ता सहित राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, गोपाल जालान, जितेन्द्र राय, प्रवीण केजरीवाल, संजय केसरी, उमेश दास, मनोज सिंह, मनोहर केजरीवाल, बिनोद अग्रवाल, भवानीशंकर अग्रवाल, मोनू भावसिंहका, गणेश अग्रवाल एवं राजू अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही।

## कल्याणी गौधाम के कुलियापाठ अपराध भंजन मंदिर के नए प्रारूप का उद्घाटन 4 जनवरी को



**कोलकाता :** कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी की कल्याणी शाखा के अंतर्गत स्थित कुलियापाठ अपराध भंजन मंदिर के जीर्णोद्धार उपरांत नवीनीकृत मंदिर का उद्घाटन आगामी रविवार, 4 जनवरी 2026 को दोपहर 12:15 बजे मंदिर परिसर में पूज्यपाद परमहंस स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज के कर-कमलों से संपन्न होगा। इस समारोह में वृंदावन के पूज्य संत उदित महाराज भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे उद्य-ोगपति महेश चंद्र शाह एवं विशिष्ट अतिथि होंगे गोभक्त मुरारीलाल दीवान। सोसाइटी के मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र चमडिया ने बताया कि यह मंदिर अति प्राचीन होने के साथ साथ स्थानीय लोगों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। सोसाइटी के विशिष्ट सदस्य सुभाष मुरारका ने बताया कि इस पूरे मंदिर परिसर का नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य सोसाइटी के धर्मपारायण ट्रस्टी सजन कुमार बंसल ने अपने गोलोकवासी पिता साधुराम बंसल एवं माता राममूर्ति बंसल की पुण्य स्मृति में संपन्न कराया है।

# पानीहाटी उत्सव में मारपीट में एक युवक की मौत, चार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के खड़दह थाना इलाके में पानीहाटी उत्सव के दौरान हुई मारपीट में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, राहुल सरकार ने पहली जनवरी को खड़दह थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि गत 28 दिसंबर को उनके भाई तन्मय सरकार, जो घोला के निवासी थे, पानीहाटी उत्सव में गए थे। वहां किसी समूह के साथ उनका विवाद हो गया। मेला समाप्त होने के बाद घर लौटते समय उसी समूह के लोगों ने उन्हें पकड़ लिया



और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। मारपीट के बाद घर लौटने पर तन्मय सरकार की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों ने पहले उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान एक जनवरी को उनकी मौत हो गई। घटना की शिकायत मिलने के बाद खड़दह थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दीप अधिकारी (18), देबजीत दास (18), शिबम दास उर्फ टाटान (20) और आकाश नस्कर उर्फ बड़ों (22) शामिल हैं। सभी आरोपित सोदपुर और आसपास के इलाकों के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस हिरासत की मांग के साथ अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है और यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना में और कोई व्यक्ति शामिल था या नहीं।

## चार रविवारों में मेट्रो की विशेष सेवाएं, ब्लू लाइन में 160 और ग्रीन लाइन में 124 ट्रेनें चलेंगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो यात्रियों के लिए खुशखबरी है। आगामी चार रविवारों, यानी 4, 11, 18 और 25 जनवरी को ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन में विशेष मेट्रो सेवाएं चलाई जाएंगी, ताकि यात्रियों की सुविधा और समय की बचत सुनिश्चित हो सके। ब्लू लाइन में इस दौरान सामान्य 130 की बजाय 160 (80 अप + 80 डाउन) ट्रेनें संचालित होंगी। पहली सेवाएं सुबह 09:00 बजे दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम, शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर और नोआपाड़ा से शहीद खुदीराम के लिए निर्धारित हैं। अंतिम सेवाएं 21:33 बजे दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम, शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर और 21:44 बजे शहीद खुदीराम से डुम डुम के लिए चलेंगी। विशेष रविवारों में 15:20 बजे से 19:20 बजे तक ब्लू लाइन की ट्रेनें 8 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेंगी, जबकि सामान्य दिनों में यह अंतराल 10 मिनट का होता है। ग्रीन लाइन में सामान्य 108 की बजाय 124 (62 अप + 62 डाउन) ट्रेनें चलेंगी। पहली सेवाएं सुबह 09:02 बजे सॉल्ट लेक सेक्टर पांच से हावड़ा मैदान, 09:00 बजे हावड़ा मैदान से सॉल्ट लेक सेक्टर पांच और 09:00 बजे सिटी सेंटर से हावड़ा मैदान के लिए निर्धारित हैं। अंतिम सेवाएं 21:55 बजे सॉल्ट लेक सेक्टर पांच से हावड़ा मैदान, 21:55 बजे हावड़ा मैदान से सॉल्ट लेक सेक्टर पांच और 22:05 बजे हावड़ा मैदान से सेंट्रल पार्क के लिए होंगी। विशेष रविवारों में ग्रीन लाइन की ट्रेनें 16:02 बजे से 20:30 बजे तक 10 मिनट के अंतराल पर चलेंगी, जबकि सामान्य दिनों में यह अंतराल 15 मिनट का होता है। येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं चालू रहेंगी, जबकि ऑरेंज लाइन और पर्पल लाइन पर इन रविवारों में कोई सेवाएं नहीं होंगी।

## हावड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक और दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना कोना चामराईल पंप के पास हुई, जब मृतक सड़क पार कर रहा था और उसी समय तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ और कई घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। खबर मिलते ही कोना ट्रैफिक पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने दुर्घटना स्थल पर सुरक्षा उपायों की कमी की चिंता व्यक्त की है। यह घटना एक बार फिर सड़क पार करते समय थोड़ी सी लापरवाही की भयावह परिणति को दर्शाती है और नागरिकों को सतर्क रहने की चेतावनी देती है।

## कोटा ग्रामीण पुलिस ने लगभग 100 प्रतिशत शिकायत निपटान करके राजस्थान में शीर्ष स्थान हासिल किया

**कोटा (राजस्थान):** राजस्थान की कोटा ग्रामीण पुलिस ने 2025 में इलेक्ट्रॉनिक रूप से दर्ज की गई लगभग 100 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा करके राज्य की पुलिस इकाइयों में सबसे अधिक निपटान दक्षता का रिकॉर्ड बनाया है। शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कोटा (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने कहा कि उनकी पुलिस बल ने शिकायत निपटान दक्षता 99.83 प्रतिशत हासिल की है और उनके अधिकार क्षेत्र में 2024 की तुलना में कुल संज्ञेय अपराधों में 15.81 प्रतिशत की कमी देखी गई है। गंभीर अपराधों में आई कमी का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि हत्या के मामलों में 23 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जबकि हत्या के प्रयास की घटनाओं में 8.57 प्रतिशत की कमी आई है।

## झारखंड में एक हाथी ने तीन लोगों को कुचलकर मार डाला

**चाईबासा (झारखंड):** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा वन प्रभाग के अंतर्गत आने वाले अलग-अलग गांवों में एक हाथी ने बृहस्पतिवार देर रात तीन लोगों को कुचलकर मार डाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चाईबासा के संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) आदित्य नारायण ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि ये घटनाएं रोरो वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में हुईं। उन्होंने कहा कि हाथी का पता लगाने और ग्रामीणों को उन क्षेत्रों में जाने से रोकने के लिए एक त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) तैनात किया गया है, जहां हाथी अक्सर आता-जाता है।

## समाज केंद्रित रही है भारत की विकास अवधारणा: डॉ. कृष्ण गोपाल

**जयपुर:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने शुक्रवार को कहा कि विकास का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं है बल्कि वास्तविक विकास वही है, जिसमें मनुष्य, समाज, परिवार और प्रकृति का संतुलित उत्थान हो। उन्होंने कहा कि भारत की विकास अवधारणा आत्मकेंद्रित नहीं, बल्कि समाज केंद्रित रही है और आज के वैश्विक परिदृश्य में यही दृष्टि सबसे अधिक प्रासंगिक है। वह यहां 'रज्जु भैया स्मृति व्याख्यानमाला' में 'स्व का बोध और विकास की अवधारणा' विषय पर अपनी राय रख रहे थे।

# कुम्हरार पार्क के समग्र विकास के लिए केंद्र को पत्र लिखने का निर्देश : नीतीश



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल कुम्हरार पार्क का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसके समग्र विकास के लिए भारत सरकार को पत्र लिखने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुम्हरार पार्क मगध साम्राज्य से जुड़ा एक अत्यंत प्राचीन और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल है जहां बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक, इतिहास के विद्यार्थी तथा शोधकर्ता आते हैं। उन्होंने कहा कि पार्क एवं संबंधित चीजों का बेहतर रखरखाव और सौंदर्यीकरण आवश्यक है, ताकि आगंतुकों को इस स्थल के इतिहास को समझने में अधिक सुविधा हो सके। मुख्यमंत्री ने पार्क परिसर में संरक्षित मगध कालीन स्तंभ अवशेषों का अवलोकन किया। उन्होंने बुलंदीबाग उत्खनन, कुम्हरार उत्खनन, मौर्यकालीन अस्सी स्तंभों वाले विशाल सभागार से संबंधित जानकारी बोर्डों को देखा। इसके अलावा, उन्होंने कृष्णदेव स्मृति सभागार स्थित पाटलिपुत्र दीर्घा में कुम्हरार की मौर्यकालीन वास्तुकला, भौतिक सांस्कृतिक आयाम, उत्खनन से प्राप्त भग्नावशेष तथा पाटलिपुत्र की कला और संस्कृति से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुम्हरार पार्क परिसर भारत सरकार के अधीन है और इसका रखरखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है। पूर्व में यहां किए गए उत्खनन के दौरान कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक वस्तुएं और निर्माण अवशेष प्राप्त हुए हैं। यहां 1912-15 तथा 1951-55 के दौरान हुई खुदाई में मौर्यकालीन अस्सी स्तंभों वाला एक विशाल सभागार सामने आया था। भू-जल स्तर में वृद्धि और आसपास के विकास कार्यों के कारण यह भग्नावशेष जलमग्न होने लगा था जिससे उसके अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया। इसके बाद विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा पर 2005 में संरक्षण की दृष्टि से इस स्थल को मिट्टी और बालू से भर दिया गया।

## पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर देवरिया कारागार में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

**देवरिया/गोरखपुर (उप्र):** देवरिया जिला जेल में बंद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने बृहस्पतिवार शाम से अनिश्चितकालीन अनशन (भूख हड़ताल) शुरू कर दी है। उनका आरोप है कि अधिकारियों ने उनकी गिरफ्तारी से संबंधित सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराई है। ठाकुर ने दावा किया कि बार-बार मांग करने के बावजूद शाहजहांपुर में ट्रेन के अंदर उनकी गिरफ्तारी के समय की सीसीटीवी और सीडीआर उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने गिरफ्तारी प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ठाकुर को शुक्रवार को देवरिया के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत में पेश किया गया, जहां उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने विवेचक की अनुपस्थिति की वजह से सुनवाई शनिवार तक के लिए स्थगित कर दी।

## न्यूज अपडेट

### सीजेआई दो दिवसीय पटना दौरे पर, न्यायिक अकादमी के नए भवनों की आधारशिला रखेंगे

**पटना:** प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत शुक्रवार को पना पहुंचे, जहां वह शनिवार को पटना उच्च न्यायालय परिसर में विभिन्न नए भवनों के निर्माण की आधारशिला रखेंगे और बिहार न्यायिक अकादमी (बीजेए) के नए परिसर के लिए आयोजित 'भूमि-पूजन' समारोह में शिरकत करेंगे। प्रदेश सरकार ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) इस दौरान गयाजी में नवनिर्मित न्यायाधीश अतिथि गृह का ई-उद्घाटन भी करेंगे। इसमें कहा गया है कि सीजेआई के कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश भी मौजूद होंगे जबकि इसमें कहा गया है कि पटना उच्च न्यायालय के नामित मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। बयान के अनुसार जिन भवनों की आधारशिला रखी जाएगी, उनमें वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) भवन एवं सभागार, प्रशासनिक ब्लॉक, बहुस्तरीय कार पार्किंग, आईटी भवन, आवासीय परिसर, महाधिवक्ता कार्यालय का एनेक्सी भवन तथा अस्पताल शामिल हैं। यह कार्यक्रम पटना उच्च न्यायालय के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और न्यायिक प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### रांची: 2025 में 14.84 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, 181 लोगों को गिरफ्तार किया गया

**रांची:** रांची में 14.84 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए जाने के साथ 2025 में इस संबंध में कुल 181 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुल 180 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से 97 का निपटारा कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक (शहर) पारस राणा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह 'उपलब्धि' जनता के योगदान का परिणाम है। उन्होंने कहा, ''उन्होंने (जनता ने) पुलिस को सटीक जानकारी दी और मैं लोगों से कहना चाहता हूं कि उन्हें मादक पदार्थों से संबंधित मामलों में कोई भी सूचना देने में संकोच नहीं करना चाहिए। हम उनकी सुरक्षा के लिए उनके नाम गुप्त रखते हैं।'' पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थों में 9.50 करोड़ रुपये मूल्य का चूरा पोस्त, 2.11 करोड़ रुपये मूल्य की 'ब्राउन शुगर', 1.12 करोड़ रुपये मूल्य की अफीम और 59.90 रुपये मूल्य का गांजा शामिल था। उन्होंने बताया कि इस दौरान 2,582.67 एकड़ भूमि से अधिक क्षेत्र में अवैध रूप से उगाई गई भांग को नष्ट कर दिया गया।

### मैथिली अकादमी को पुनः सक्रिय करने की मांग, बिहार के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर मैथिली अकादमी को पुनः सक्रिय करने का आग्रह किया है। अपने पत्र में सरावगी ने उल्लेख किया कि 1976 में स्थापित मैथिली अकादमी ने शोध, प्रकाशन और साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से मैथिली भाषा को न केवल बिहार, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सशक्त पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की उपयोगिता विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों के साथ-साथ संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) और बिहार लोकसेवा आयोग (बीपीएससी) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार मैथिली अकादमी के सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक सकारात्मक कदम उठाएगी, जिससे शोधार्थियों, विद्यार्थियों और साहित्यकारों को नई ऊर्जा एवं अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि मैथिली अकादमी का सशक्तीकरण बिहार की सांस्कृतिक विरासत को और अधिक समृद्ध करेगा तथा करोड़ों मैथिलीभाषियों की भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित करेगा।

### बिहार: अब लोग सीधे मोबाइल पर दर्ज करा सकेंगे शिकायत व सुझाव

**पटना:** बिहार में अपराध पर अंकुश लगाने और लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियंत्रण कक्ष के अंतर्गत शुक्रवार को एक विशेष हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य के नागरिक सीधे मोबाइल पर अपनी शिकायतें, समस्याएं, सुझाव या सहायता संबंधी सूचना दे सकेंगे। पुलिस द्वारा जारी इन दो हेल्पलाइन नंबरों के जरिए कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, पुलिस से संबंधित समस्याएं, स्थानीय स्तर पर हो रही अनदेखी या किसी भी प्रकार की परेशानी को सीधे डीजीपी नियंत्रण कक्ष के संज्ञान में लाया जा सकेगा। यह सेवा तत्काल प्रभाव से शुरू हो गई है। पुलिस मुख्यालय ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आम लोगों की शिकायतों को बिना किसी देरी के संबंधित स्तर तक पहुंचाना और समय रहते उनका निपटारा सुनिश्चित करना है।

## संभल में कब्रिस्तान की जमीन पर कथित अतिक्रमण के मामले में 48 लोगों को नोटिस जारी



**संभल (उप्र):** संभल में ज़िला प्रशासन ने एक विवादित धर्मस्थल के पास कब्रिस्तान की जमीन पर कथित अवैध अतिक्रमण के सिलसिले में 48 लोगों को नोटिस जारी किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई 30 दिसंबर को कोट पूर्वी इलाके में 'शाही जामा मस्जिद-श्री हरिहर मंदिर' क्षेत्र के पास कड़ी सुरक्षा के बीच किये गये जमीन के नाप-जोख के बाद की गई है, जहां कब्रिस्तान की ज़मीन के एक हिस्से पर घरों और दुकानों के अवैध निर्माण की शिकायतें मिली थीं। संभल के तहसीलदार (राजस्व अधिकारी) धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नाप-जोख के बाद, 48 ऐसे लोगों की पहचान की गई जिन्होंने अवैध रूप से कब्ज़ा किया हुआ था और अब उन्हें नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर जवाब देने को कहा गया है। सिंह ने पत्रकारों से कहा, ''आज सभी 48 लोगों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं और उन्हें जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।'' उन्होंने कहा कि जवाबों की कानूनी रूप से जांच की जाएगी और अगर स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए गए, तो अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई शुरू की जाएगी। तहसीलदार ने कहा कि पहले 22 घरों और दुकानों का ज़िक्र किया गया था, लेकिन उस इलाके में कई परिवार रह रहे हैं और हर कब्ज़ेदार को अलग-अलग नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे कुल संख्या 48 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि ज़िला प्रशासन से शिकायत की गयी थी कि भूखंड क्रमांक 32/2 के तहत दर्ज और विवादित धर्मस्थल से सटी लगभग 4,780 वर्ग मीटर ज़मीन पर अतिक्रमण किया गया है। माना जाता है कि ये अतिक्रमण लगभग 60 से 65 साल पुराने हैं।

# उत्तर प्रदेश में भाजपा विधायक डॉ श्याम बिहारी का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**बरेली (उप्र):** बरेली जिले के फरीदपुर (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक डॉ श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार दोपहर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। पार्टी और परिवार के लोगों ने यह जानकारी दी। डॉ श्याम बिहारी लाल सर्किट हाउस में पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल थे। उन्होंने बृहस्पतिवार को अपना 60 वां जन्मदिन मनाया था। एक पार्टी कार्यकर्ता ने बताया कि सर्किट हाउस में पशुधन मंत्री एक बैठक ले रहे थे, जिसमें विधायक श्याम बिहारी लाल भी शामिल थे। कार्यकर्ता के अनुसार दोपहर करीब सवा दो बजे अचानक श्याम बिहारी लाल की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उनके सहयोगियों ने तत्काल मेडिसिटी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनको वेंटिलेटर पर रखा गया। उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई और करीब तीन बजे मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताया

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक श्यामबिहारी लाल के निधन पर शुक्रवार को शोक व्यक्त किया। बरेली जिले के फरीदपुर विधासभा क्षेत्र से विधायक लाल का बरेली के सर्किट हाउस में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 60 साल के थे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लाल जन कल्याण के प्रति समर्पित भाजपा नेता थे और उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। दुख की इस घड़ी में, उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।

## राजनाथ सिंह ने शिक्षित लोगों के देश-विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने पर चिंता जताई

**उदयपुर:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में 'व्हाइट-कॉलर टेरेरिज्म' जैसी चिंताजनक प्रवृतियां सामने आ रही हैं जहां अत्यंत शिक्षित लोग समाज और राष्ट्र के विरुद्ध कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में बहुत शिक्षित लोग भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं। सिंह ने दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार बम धमाके की ओर इशारा करते हुए यह बात कही जिसमें षडयंत्रकारी डॉक्टर थे। वह यहां भूपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा, 'धर्म और नैतिकता से विहीन शिक्षा समाज के लिए उपयोगी नहीं होती है तथा कभी-कभी यह घातक भी सिद्ध हो जाती है। शायद यही कारण है और बहुत बड़ी विडंबना है कि बहुत शिक्षित लोग भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं।' उन्होंने कहा,'आज 'व्हाइट कॉलर टेररिज़्म' जैसी चिंताजनक प्रवृतियां देशवाशियों के सामने आ रही हैं, जहां अत्यंत शिक्षित लोग समाज और राष्ट्र के विरुद्ध कार्य करते हैं।' उन्होंने कहा,'हाल में दिल्ली में 'बम विस्फोट' करने वाला कौन था? डॉक्टर थे। वरना जो डॉक्टर पर्चे पर हमेशा 'आरएक्स' लिखकर प्रस्क्रिप्शन लिखते हैं ... उन डॉक्टरों के हाथ में 'आरडीएक्स' हो? इसलिए आवश्यक है कि ज्ञान के साथ साथ संस्कार भी होना चाहिए। चरित्र भी होना चाहिए।'



## उद्योगों को नवंबर 2025 में बैंक ऋण 9.6 प्रतिशत बढ़ा: आरबीआई आंकड़ा

**मुंबई:** उद्योगों को बैंक से मिलने वाला ऋण नवंबर 2025 में 9.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि नवंबर 2024 में यह 8.3 प्रतिशत था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सालाना आधार पर, 28 नवंबर 2025 तक की दो-सप्ताह की अवधि में गैर-खाद्य बैंक ऋण में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 10.6 प्रतिशत था। आरबीआई ने कहा कि उद्योगों को दिया गया ऋण सालाना आधार पर 9.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि नवंबर 2024 में यह 8.3 प्रतिशत था। 'विभिन्न क्षेत्रों को बैंक कर्ज – नवंबर 2025' के अनुसार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को दिया गया ऋण लगातार दहाई अंकों की दर से बढ़ रहा है। प्रमुख उद्योगों में बुनियादी ढांचा, सभी प्रकार की इंजीनियरिंग, वस्त्र उद्योग और पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद तथा परमाणु ईंधन से जुड़े बकाया ऋण में सालाना आधार पर मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके अलावा कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों को दिए गए ऋण में वार्षिक आधार पर 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (2024 की समान अवधि में यह 15.3 प्रतिशत थी)। गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जैसे क्षेत्रों में वृद्धि में सुधार देखा गया। वहीं, व्यापार और वाणिज्यिक रियल एस्टेट के क्षेत्रों में भी अच्छी वृद्धि रही, हालांकि इसमें थोड़ी मंदी दर्ज की गई। आरबीआई ने कहा, व्यक्तिगत ऋण क्षेत्र में सालाना आधार पर 12.8 प्रतिशत की वृद्धि रही, जबकि 2024 की समान अवधि में यह 13.4 प्रतिशत थी। वाहन ऋण और सोने के आभूषण बदले ऋण में वृद्धि बनी हुई है, जबकि आवास ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया राशि में धीमी वृद्धि देखी गई।

## बांग्लादेश, भूटान, नेपाल की इकाइयां सीधे कोल इंडिया से खरीद सकती हैं कोयला

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की ऑनलाइन कोयला नीलामी में पड़ोसी देश बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के खरीदार अब भारतीय बिचौलियों को दरकिनार करते हुए सीधे शामिल हो सकते हैं। कंपनी के अनुसार, इस कदम से अतिरिक्त कोयला संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद मिलेगी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। अब तक सीमा पार के उपभोक्ताओं को कोल इंडिया से कोयला केवल घरेलू कोयला कारोबारियों के माध्यम से ही मिल पाता था, जिन्हें बिना किसी अंतिम उपयोग की शर्त के कोयला खरीदने और बेचने की अनुमति थी। सीआईएल ने बयान में कहा कि एक जनवरी 2026 से पहली बार बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के कोयला उपभोक्ता भारत से कोयला खरीदने के लिए कोल इंडिया की 'सिंगल विंडो मोड एग्नॉस्टिक (एसडब्ल्यूएमए)' ऑनलाइन नीलामी में सीधे भाग ले सकेंगे। एसडब्ल्यूएमए नीलामी 2022 में शुरू की गई एक सरल और एकीकृत ई-नीलामी प्रणाली है। इसे स्पॉट, स्पेशल स्पॉट और फॉरवर्ड जैसी अलग-अलग नीलामी व्यवस्थाओं की जगह एक ही मंच पर लाया गया है, ताकि सभी खरीदारों के लिए कोयला खरीदना आसान, पारदर्शी और बाजार आधारित हो सके।इस कदम को लागू करने के लिए सीआईएल के निदेशक मंडल ने हाल ही में मंजूरी दी है और एसडब्ल्यूएमए नीलामी योजना की प्रक्रिया में जरूरी बदलाव किए हैं।

# सरकार ने ईसीएमएस के तहत 22 प्रस्तावों को दी मंजूरी

■ नियोजित निवेश 41,863 करोड़ रुपये



**नयी दिल्ली:** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत 22 नए प्रस्तावों को शुक्रवार को मंजूरी दी। इनमें अनुमानित निवेश 41,863 करोड़ रुपये और अनुमानित उत्पादन 2,58,152 करोड़ रुपये है। स्वीकृत प्रस्तावों में डिक्सन, सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्राइवेट लिमिटेड, फॉक्सकॉन (युझान टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रस्ताव शामिल हैं। इन स्वीकृतियों से प्रत्यक्ष रोजगार के 33,791 अवसर सृजित होने की उम्मीद है। इससे पहले घोषित 12,704 करोड़ रुपये के निवेश के लिए 24 आवेदनों की मंजूरी के क्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ईसीएमएस के तहत 22 और प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इनमें अनुमानित निवेश 41,863 करोड़ रुपये और अनुमानित उत्पादन 2,58,152 करोड़ रुपये है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कंपनियों को स्वीकृति पत्र सौंपे। मंत्रालय द्वारा अनुमोदनों के तीसरे चरण पर जारी एक 'नोट' के अनुसार, इस मंजूरी में 11 लक्षित खंड के उत्पादों का विनिर्माण शामिल है जिनका विभिन्न क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जाता है जैसे कि मोबाइल विनिर्माण, दूरसंचार, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक, रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक, स्वचालित और आईटी हार्डवेयर। स्वीकृत परियोजनाएं आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित आठ राज्यों में फैली हुई हैं। ये देश भर में भौगोलिक रूप से संतुलित औद्योगिक वृद्धि और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के विस्तार पर सरकार के निरंतर ध्यान को दर्शाती हैं।

## एलआईसी ने बंद हो चुकी पॉलिसियों को फिर से चालू करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया

**नयी दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को बंद हो चुकी व्यक्तिगत पॉलिसियों को फिर से चालू करने के लिए दो महीने का विशेष अभियान शुरू करने की घोषणा की। यह विशेष अभियान एक जनवरी से दो मार्च, 2026 तक चलाया जाएगा और इसमें सभी 'नॉन-लिंक्ड' पॉलिसियां शामिल होंगी। इसके तहत विलंब शुल्क में आकर्षक रियायत दी जा रही है। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि फिर से चालू करने योग्य सभी 'नॉन-लिंक्ड' बीमा योजनाओं पर विलंब शुल्क में 30 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। यह छूट अधिकतम 5,000 रुपये तक होगी। कंपनी ने कहा कि सूक्ष्म बीमा पॉलिसियों के लिए विलंब शुल्क पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, ताकि जोखिम कवर को फिर से बहाल किया जा सके।

## प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों के अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा की



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों के अधिग्रहण की प्रगति और महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना के प्रदर्शन की समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने खान मंत्रालय की त्रैमासिक क्षेत्रीय समीक्षा बैठक की।उन्होंने बताया कि विदेशों में परिसंपत्तियों का अधिग्रहण देश के दीर्घकालिक आर्थिक और रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसका मकसद इलेक्ट्रिक परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा जैसे क्षेत्रों में उपयोग होने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के लिए स्थिर आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करना है। विदेशों में परिसंपत्तियों के अधिग्रहण की प्रगति इन खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित करने के राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप है। सूत्रों ने बताया कि समीक्षा बैठक के दौरान दुर्लभ खनिज तत्वों की उपलब्धता की स्थिति पर भी चर्चा हुई, जो काफी सार्थक रही। प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना के प्रदर्शन की समीक्षा भी की। इसे पिछले साल केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। इस योजना का उद्देश्य देश में द्वितीयक स्रोतों से महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण की क्षमता विकसित करना है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 4.36 अरब डॉलर बढ़कर 693.31 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाले विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 18.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 559.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 113.32 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार छह करोड़ डॉलर बढ़कर 18.80 अरब डॉलर हो गया।

## न्यूज अपडेट

### दिल्ली के बाज़ारों में सोना 1,100 रुपये बढ़कर 1.39 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,39,440 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत भी 4,000 रुपये बढ़कर 2,41,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 67.47 डॉलर या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 4,392.94 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोना एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ 4,390 डॉलर पर रहा। चूंकि इस तेजी के पीछे कोई साफ वजह नहीं है, इसलिए इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की उम्मीदें और इस धातु के लिए सकारात्मक बाजार परिदृश्य हो सकता है।

### मारुति सुजुकी ने 2025 में 22.55 लाख इकाइयों का रिकॉर्ड वार्षिक उत्पादन किया दर्ज

**नयी दिल्ली:** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कैलेंडर वर्ष 2025 में 22.55 लाख इकाइयों का रिकॉर्ड वार्षिक उत्पादन दर्ज किया जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि यह लगातार दूसरा वर्ष है जब कंपनी का वार्षिक उत्पादन 20 लाख इकाइयों के स्तर को पार कर गया है। कंपनी ने वर्ष 2024 में 20.63 लाख इकाइयों का उत्पादन किया था।

### पश्चिम बंगाल के बिस्वजीत सरकार और आमोन महिला चासी प्रोड्यूसर कंपनी को कृषि नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार




**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार के बिस्वजीत सरकार और झाड़ग्राम जिले की आमोन महिला चासी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को नई दिल्ली में आयोजित 'वॉइसेज ऑफ हार्वेस्ट अवॉर्ड्स 2025' में कृषि क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बिस्वजीत सरकार को 'यंग एग्री इनोवेटर अवॉर्ड' और आमन महिला चासी कंपनी को 'कम्युनिटी इम्पैक्ट चैंपियन अवॉर्ड' से नवाजा गया। एबीडी इंडिया की 'पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस' पहल के तहत आयोजित यह मंच भारतीय कृषि में नवाचार, नेतृत्व और सामुदायिक प्रभाव को मान्यता देता है। बिस्वजीत सरकार डिजिटल उपकरणों और वैज्ञानिक खेती के तरीकों से किसानों को प्रेरित कर रहे हैं, जबकि आमन महिला चासी कंपनी 3,000 से अधिक महिला किसानों के नेतृत्व में स्थानीय कृषि और उत्पादकता को बढ़ावा दे रही है। मुख्य अतिथि, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की भूमिका को राष्ट्र की शक्ति बताया और उनका योगदान सराहा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### रणवीर सिंह की 'धुरंधर' लद्दाख में कर-मुक्त घोषित

**लेह/जम्मू :** रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' को शुक्रवार को लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने केंद्र शासित प्रदेश में कर-मुक्त घोषित कर दिया। आदित्य धर द्वारा निर्देशित जासूसी एक्शन फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर सुपर हिट साबित हुई है। फिल्म ने 2025 के अंत और 2026 की शुरुआत में कई रिकॉर्ड तोड़े और दुनिया भर में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। उपराज्यपाल कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया, उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने फिल्म 'धुरंधर' को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कर-मुक्त घोषित कर दिया है। उपराज्यपाल ने कहा कि फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर लद्दाख में हुई। उन्होंने कहा, यह फिल्म लद्दाख के सिनेमाई परिदृश्यों पर प्रकाश डालती है, जो फिल्म निर्माताओं के लिए मजबूत समर्थन का संकेत देती है और फिल्म शूटिंग व पर्यटन के लिए लद्दाख को एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरने में मदद करती है।

### मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में 27 बम निष्क्रिय किए गए

**इंफाल :** मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में सुरक्षा बलों ने 27 बम बरामद कर उन्हें निष्क्रिय कर दिया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों के एक अभियान के दौरान बृहस्पतिवार को ये देसी बम बरामद किए गए, जिन्हें बाद में मोंगल्हम गांव के पास एक स्थान पर सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया गया। उन्होंने बताया कि एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने बुधवार को इसी जिले के लैंगडम नुंगजेंगबी इलाके से तीन हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए। मणिपुर में दो साल पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद से सुरक्षा बल लगातार तलाशी अभियान संचालित कर रहे हैं। मई 2023 से मेइती और कुकी-जो समूहों के बीच जारी इस जातीय संघर्ष में अब तक 260 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं।

### पुंछ में पाकिस्तान स्थित आतंकी सरगना जमाल लोन की संपत्ति जब्त

**पुंछ/जम्मू :** जम्मू कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को पुंछ जिले की मंडी तहसील में पाकिस्तान स्थित आतंकी सरगना की अचल संपत्ति जब्त कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, जब्त की गई संपत्ति का क्षेत्रफल छह कनाल और 13.5 मरला (लगभग 39,528 वर्ग फुट) है और इसका अनुमानित मूल्य लगभग 13.36 लाख रुपये है। अधिकारियों के बताया कि यह संपत्ति सुल्तान लोन के बेटे जमाल लोन उर्फ जमाला की है। उन्होंने बताया कि पुंछ के चैंबर कनारी गांव का निवासी जमाल लोन सीमा पार से आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भाग गया था। उन्होंने बताया कि तब से वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए हानिकारक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर करीब 21 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त, दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर दो यात्रियों के पास से लगभग 21 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त की, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों को 31 दिसंबर को बैंकॉक (थाईलैंड) से आने के बाद रोका गया। उन्होंने बताया कि गुजरात के रहने वाले दोनों आरोपी अलग-अलग उड़ानों से दिल्ली पहुंचे थे। सीमा शुल्क विभाग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया, काले रंग के दो ट्रॉली बैग की जांच के दौरान अधिकारियों को उनके भीतर छिपाकर रखे गए पॉलीथीन बैग मिले, जिनमें सफेद रंग का पदार्थ बरामद हुआ, जिसके नशीला पदार्थ होने का संदेह था। विभाग ने बताया कि जब्त किए गए पदार्थ का कुल वजन 2,095.5 ग्राम है और प्रारंभिक जांच में इसके कोकीन होने के संकेत मिले हैं। विभाग के मुताबिक, बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 20.95 करोड़ रुपये बताई गई है।

# जब 'बुरे पड़ोसियों' की बात आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार: जयशंकर

**चेन्नई :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि बात जब बुरे पड़ोसियों की आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पड़ोसी देश भारत में आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो वह नयी दिल्ली से पानी साझा करने की मांग नहीं कर सकता। साथ ही जयशंकर ने कहा कि अच्छे पड़ोसियों के मामले में भारत निवेश करने, मदद देने और साझा करने में कभी पीछे नहीं हटता, फिर चाहे वह कोविड-19 महामारी के दौरान टीके हों, यूक्रेन संघर्ष के दौरान ईंधन एवं खाद्य



सहायता हो या श्रीलंका को उसके वित्तीय संकट के दौरान दी गई चार अरब अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद हो। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि बात जब बुरे पड़ोसियों की आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। चेन्नई में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईआईटी) मद्रास के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए जयशंकर ने कहा, भारत की प्रगति इस क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक लहर है और हमारे अधिकांश पड़ोसी मानते हैं कि भारत की प्रगति से उनका भी विकास होता है। लेकिन जब आतंकवाद फैलाने वाले बुरे पड़ोसियों की बात आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और वह हर संभव कदम उठाएगा। आप हमारे देश में आतंकवाद फैलाना जारी रखते हुए हमसे पानी साझा करने का अनुरोध नहीं कर सकते।

## महाराष्ट्र में केवल मराठी भाषा अनिवार्य है, कोई अन्य भाषा नहीं : मुख्यमंत्री फडणवीस



**पुणे :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र में केवल मराठी ही अनिवार्य है, कोई अन्य भाषा नहीं। सतारा में 99वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए फडणवीस ने यह भी कहा कि फ्रेंच और स्पेनिश जैसी विदेशी भाषाओं का खुले दिल से स्वागत करते हुए अन्य भारतीय भाषाओं का विरोध करना गलत है। पिछले साल, भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने महाराष्ट्र में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शुरू करने के अपने फैसले को तीव्र विरोध प्रदर्शनों के बाद रद्द कर दिया और इस मुद्दे की जांच के लिए एक समिति का गठन किया। फडणवीस ने अपने भाषण में उल्लेख किया कि भाषा की अनिवार्यता का मुद्दा व्यापक रूप से बहस का विषय बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री के तौर पर मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में केवल मराठी ही अनिवार्य है। कोई अन्य भाषा अनिवार्य नहीं है। हालांकि, तीन-भाषा प्रणाली को लेकर मतभेद थे। छात्रों को अपनी पसंद की कोई भी भारतीय भाषा सीखने की स्वतंत्रता है। सवाल सिर्फ यह था कि तीसरी भाषा किस कक्षा से शुरू की जानी चाहिए।''

## रेल मंत्रालय ने रेलवे से जुड़ी दो घटनाओं के बाद दो मंडल प्रमुखों का तबादला किया

**नयी दिल्ली :** पूर्वी रेलवे के आसनसोल मंडल के अंतर्गत एक मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने तथा उत्तरी रेलवे के मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत यात्री ट्रेन और मालगाड़ी के बीच टक्कर होने से बाल-बाल बचने की घटना के कुछ दिनों बाद, रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को उनके संबंधित मंडल प्रमुखों का तबादला कर दिया। बिहार के जमुई जिले में 27 दिसंबर को एक मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे हावड़ा-पटना-दिल्ली मार्ग पर रेल सेवाएं बाधित हो गईं। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन इस घटना से भारी आर्थिक नुकसान हुआ और रेल सेवाएं बाधित हुईं। जमुई जिला आसनसोल मंडल के अंतर्गत आता है। बोर्ड के शुक्रवार दो जनवरी को जारी किए गए आदेश में कहा गया है, ''मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम)/आसनसोल/पूर्वी रेलवे विनीता श्रीवास्तव को डब्ल्यूसीआर में स्थानांतरित कर कैडर में तैनात किया जाए।'' आदेश में कहा गया है, ''नियमित अधिकारी की नियुक्ति होने तक सुधीर कुमार शर्मा को डीआरएम/आसनसोल/पूर्वी रेलवे के कर्तव्यों का कार्यभार संभालने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाना चाहिए।'' रेलवे से संबंधित दूसरी घटना 29 दिसंबर को हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश के खुर्जा में स्टेशन मास्टर और सिग्नल कर्मी की कथित लापरवाही के कारण एक मालगाड़ी और मेरठ सिटी-खुर्जा यात्री ट्रेन एक ही पटरी पर आ गईं। बुलंदशहर जिले का खुर्जा, मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आता है। यहां पहले से ही एक मालगाड़ी पटरी पर आ रही थी, इसके बावजूद यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखा दी गई। यहां एक अलग आदेश में, रेलवे बोर्ड ने डीआरएम संगराह मौर्य को उत्तरी रेलवे जोन के मुरादाबाद मंडल से पूर्वी तट रेलवे जोन में स्थानांतरित कर दिया।

## कांग्रेस 'मिया मुस्लिम' बहुल विधानसभा सीट की उम्मीदवारी के लिए तीन-चार करोड़ रुपये वसूल रही: हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में 'मिया-मुस्लिम' (बांग्ला भाषी मुस्लिम) बहुल निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवारी चाहने वाले पार्टी सदस्यों से तीन से चार करोड़ रुपये वसूल रही है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी पार्टी की 'प्रणाली' पैसे पर आधारित है। शर्मा ने सोनितपुर जिले में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं के साथ बातचीत में आरोप लगाया, ''जिन सीटों पर 'मिया-मुस्लिम' अधिक हैं, उनके लिए कांग्रेस अपने उम्मीदवारों से तीन से चार करोड़ रुपये लेगी। पिछले चुनावों में भी उसने लगभग इतनी ही रकम ली थी।'' 'मिया' मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है, और गैर-बांग्ला भाषी लोग आमतौर पर उन्हें बांग्लादेशी अप्रवासी मानते हैं। हाल के वर्षों में, इस समुदाय के कार्यकर्ताओं ने विरोध के प्रतीक के रूप में इस शब्द को अपनाना शुरू कर दिया है। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए 2023 में परिसीमन प्रक्रिया हुई थी और लगभग 25 सीट 'मिया-मुस्लिम' बहुल मानी जाती हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया, ''कुछ उम्मीदवारों ने अग्रिम भुगतान भी किया है।'' खबर लिखे जाने तक कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी। शर्मा ने टिकट के इच्छुक प्रत्येक आवेदक से 50,000 रुपये का आवेदन शुल्क लेने के लिए कांग्रेस की आलोचना भी की।

## सऊदी अरब जाने वाले भारतीयों को 'प्रतिबंधित' दवाएं ले जाने के लिए अनुमति जरूरी: एनसीबी



**नयी दिल्ली :** सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों को देश में कुछ ''प्रतिबंधित'' दवाओं को लाने और ले जाने के लिए पूर्व अनुमति लेनी होगी, क्योंकि वहां एक अनिवार्य ऑनलाइन अनुमोदन प्रणाली शुरू की गई है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संघीय मादक पदार्थ रोधी एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सऊदी अरब स्थित मादक स्वापक नियंत्रण महानिदेशालय, भारत कार्यालय ने उसे औपचारिक रूप से सूचित किया है कि कुछ दवाएं जो भारत या अन्य देशों में कानूनी रूप से उपलब्ध हैं, वे सऊदी अरब में प्रतिबंधित या पाबंदियों के अधीन हो सकती हैं। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने कहा, ''यह भी सूचित किया गया है कि निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में दवाएं ले जाने पर भी नियामक कार्रवाई हो सकती है।'' पश्चिम एशियाई देश ने आवेदन और संबंधित विवरण जमा करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक सेवा मंच की शुरुआत की है। व्यक्तिगत उपयोग के लिए ले जाने वाली दवाओं के लिए ऑनलाइन अनुमति मांगी जा सकती है।

## सौ करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को मंजूरी देने की लद्दाख के उपराज्यपाल की शक्तियां बहाल

**लेह/जम्मू :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन नियम (डीएफपीआरएस) के तहत 100 करोड़ रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं के मूल्यांकन और स्वीकृति के लिए लद्दाख के उपराज्यपाल को प्रत्यायोजित शक्तियों को बहाल कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में गृह मंत्रालय ने कहा है कि मंत्रालय ने डीएफपीआरएस, 2024 के तहत 100 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं के मूल्यांकन और स्वीकृति के लिए बिना विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों और उपराज्यपालों को शक्तियों के प्रत्यायोजन (डेलिगेशन) को मंजूरी दे दी है, जिनमें लद्दाख भी शामिल है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय में उप सचिव लेंदुप शेरपा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, मुझे यह सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि सक्षम प्राधिकारी ने डीएफपीआरएस, 2024 के तहत 100 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं के मूल्यांकन और स्वीकृति के लिए लद्दाख, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव और लक्षद्वीप के केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों एवं उपराज्यपालों को शक्तियों के प्रत्यायोजन को (कुछ शर्तों के अधीन) स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## एमसीएफ रायबरेली ने दिसंबर 2025 में रचा नया कीर्तिमान, कोच उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़त : महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्र



**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (एमसीएफ), रायबरेली ने दिसंबर 2025 में उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। एमसीएफ ने न केवल मासिक गेटआउट में बल्कि दिसंबर 2025 तक के समग्र गेटआउट एवं आउटटर्न में भी नए कीर्तिमान बनाकर भारतीय रेल के उत्पादन मानकों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। दिसंबर 2025 में एमसीएफ द्वारा अब तक का सर्वाधिक 212 कोच का मासिक गेटआउट किया गया, जबकि इससे पूर्व दिसंबर 2024 में सर्वश्रेष्ठ मासिक गेटआउट 150 कोच का था। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही तक कुल गेटआउट 1469 कोच रहा, जो कि दिसंबर 2024 की समान अवधि में हुए 1223 कोच की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। एमसीएफ के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्र ने बताया कि दिसंबर 2025 तक कुल 1454 कोच का उत्पादन किया गया है, जो कि इससे पहले के उच्चतम उत्पादन वर्ष 2019 में हुए 1402 कोच तथा वर्ष 2024 में हुए 1394 कोच से अधिक है। इसी प्रकार तीसरी तिमाही तक भी एमसीएफ ने अब तक का सर्वाधिक उत्पादन दर्ज किया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह रिकॉर्ड उत्पादन आरेडिका की पूरी टीम के समर्पण, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि टीमवर्क, दक्षता और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि एमसीएफ भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ नए मानक स्थापित करता रहेगा।

## प्रत्येक युवा की भविष्य को गढ़ने में भूमिका है : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन



**चेन्नई :** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि अगले दो दशकों के भीतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी नागरिकों, ''विशेष रूप से युवाओं'' की भागीदारी आवश्यक होगी। उपराष्ट्रपति ने चेन्नई स्थित डॉ. एमजीआर शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान के 34वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''भविष्य को आकार देने में प्रत्येक युवा की भूमिका होती है। आपको राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देना चाहिए।'' राधाकृष्णन ने छात्रों से आजीवन सीखने वाले बनने और राष्ट्र की प्रगति में सार्थक योगदान देने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने रेखांकित किया कि नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी पर आधारित शिक्षा भारत के विकास के लिए आवश्यक है। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''सफलता के शॉर्टकट क्षण भर के लिए भव्य और सफल प्रतीत हो सकते हैं, लेकिन वे भ्रामक होते हैं। ऐसे शॉर्टकट अंततः पतन की ओर ले जाते हैं... इसलिए, आपके द्वारा किया गया प्रत्येक प्रयास सद्गुण (धर्म) और अनुशासन पर आधारित होना चाहिए।'' उन्होंने स्नातकों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ''दीक्षांत समारोह जीवन के एक नए चरण की शुरुआत का प्रतीक है, जो अधिक जिम्मेदारियों और अवसरों को लेकर आता है।'' राधाकृष्णन ने विश्वास व्यक्त किया कि छात्र ''पेशेवर दक्षता, करुणा और प्रतिबद्धता'' के साथ समाज की सेवा करेंगे। उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु की शिक्षा और समुद्री व्यापार के ऐतिहासिक केंद्र के रूप में विरासत को याद करते हुए कहा कि राज्य लंबे समय से दुनिया के साथ भारत के बौद्धिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रवेश द्वार रहा है। उन्होंने कहा, ''इन्हीं तटों से, व्यापारी कभी भारत के विचारों, नैतिकता और संस्कृति को समुद्र पार ले जाते थे। यह हमारे राष्ट्र की आत्मविश्वासपूर्ण सभ्यतागत सहभागिता और सीखने और आदान-प्रदान के प्रति खुलेपन को दर्शाता है।'' राधाकृष्णन ने कृत्रिम मेधा (एआई) और उभरती प्रौद्योगिकियों की वजह से तेजी से हो रहे बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा, ''यह प्रगति हर क्षेत्र को नया आकार दे रही है।'' उपराष्ट्रपति ने निरंतर सीखने और अनुकूलनशीलता की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय पुष्प प्रदर्शनी ने दो विश्व रिकॉर्ड बनाए

**प्रधानमंत्री ने इसे 'मनमोहक' बताया**

**अहमदाबाद :** चौदहवीं अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय पुष्प प्रदर्शनी में सबसे बड़े 'पुष्प मंडला' और सबसे बड़े 'पुष्प चित्र' के लिए दो गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को इसकी सराहना करते हुए इसे ''मनमोहक'' बताया। प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम की आकर्षक तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''अहमदाबाद की पुष्प प्रदर्शनी वाकई सभी को मंत्रमुग्ध कर देती है! यह रचनात्मकता के साथ-साथ जनभागीदारी का एक अद्भुत उदाहरण है। यह शहर की जीवंत भावना और प्रकृति के प्रति उसके प्रेम को खूबसूरती से दर्शाती है। यह देखना भी रोमांचक है कि इस पुष्प प्रदर्शनी की भव्यता और कल्पनाशीलता हर साल कैसे बढ़ती जा रही है।'' अहमदाबाद नगर निगम ने बृहस्पतिवार को कहा था कि साबरमती रिवरफ्रंट पर 'भारत एक गाथा' थीम वाली प्रदर्शनी में सबसे बड़े 'पुष्प मंडला' और सबसे बड़े 'पुष्प चित्र' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल हुए हैं। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने किया।



पटेल ने 'एक्स' पर कहा, ''अहमदाबाद पुष्प प्रदर्शनी ने लगातार तीसरे वर्ष विश्व रिकॉर्ड (गिनीज बुक) की हैट्रिक दर्ज की है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद पुष्प प्रदर्शनी ने 2024 में दुनिया में फूलों की सबसे लंबी संरचना बनाकर और 2025 में फूलों का सबसे बड़ा गुलदस्ता बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2026 में दो नए विश्व रिकॉर्ड के साथ यह आयोजन रचनात्मकता और असाधारण संगठनात्मक क्षमता का एक बेजोड़ उदाहरण बन गया है।

## सीडीएस चौहान ने कार निकोबार वायुसेना अड्डे पर उन्नत हवाई पट्टी का उद्घाटन किया



**श्री विजयपुरम :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारतीय वायु सेना के कार निकोबार वायुसेना अड्डे पर पुन:निर्मित एवं उन्नत हवाई पट्टी का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि विमानों की सुगम आवाजाही के लिए एप्रन क्षेत्र (विमानों को खड़ा करने का स्थान) का विस्तार किया गया है और यह सुविधा भारतीय वायु सेना को कम से कम समय में लंबी दूरी तक कार्रवाई करने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि उन्नत हवाई पट्टी क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस-उड़ान)के क्रियान्वयन में भी मदद करेगी, जिससे दूरस्थ द्वीपीय क्षेत्रों में असैन्य हवाई संपर्क में सुधार होगा। अधिकारियों ने कहा कि इससे भूकंप और सुनामी संभावित क्षेत्र और आसपास के इलाकों में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में संसाधनों की त्वरित तैनाती में मदद मिलेगी, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत क्षमता का विस्तार होगा। सीडीएस पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे कार निकोबार द्वीप पहुंचे, जहां नौसेना के अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी) के कमांडर-इन-चीफ वाइस एडमिरल अजय कोचर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। एक अधिकारी ने बताया, ''सीडीएस ने भारतीय वायु सेना के कार निकोबार अड्डे पर पुनर्निर्मित और उन्नत रनवे का उद्घाटन किया।'' श्री विजयपुरम से लगभग 535 किलोमीटर दूर स्थित निकोबार जिले का कार निकोबार द्वीप 2004 की सुनामी के दौरान सबसे अधिक प्रभावित हुआ था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''उन्नत हवाई पट्टी पूर्वी मोर्चे को और अधिक मजबूती देगी, क्योंकि इससे मलक्का जलडमरूमध्य पर सीधी रणनीतिक निगरानी की जा सकेगी।

## बीएमसी चुनाव: महायुति के 68 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

**मुंबई :** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके महायुति गठबंधन के सहयोगियों ने 68 सीट निर्विरोध जीत ली हैं। भाजपा नेता केशव उपाध्याय ने शुक्रवार को कहा कि राज्य भर में भाजपा और महायुति के 68 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, जो शहरी स्थानीय निकायों में पार्टी की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। निर्विरोध निर्वाचित उम्मीदवारों में भाजपा के 44 उम्मीदवार शामिल हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या ठाणे जिले के कल्याण-डोंबिवली नगर निगम से है। इसके बाद पुणे, पिंपरी चिंचवाड़, पनवेल, भिवंडी, धुले, जलगांव और अहिल्यानगर हैं। इन जीतों की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर मोहोल ने कहा कि पुणे के अगले महापौर उनकी पार्टी से होंगे। मोहोल ने कहा, हमारा लक्ष्य 125 सीट जीतना था, जिनमें से हम पहले ही दो सीट जीत चुके हैं, इसलिए 123 सीट शेष हैं। दो सीट निर्विरोध जीती गईं। यह हमारी पार्टी के सुशासन का प्रमाण है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्काउट्स एवं गाइड्स की प्रथम राज्य स्तरीय कैंपोरी संपन्न



**बिलासपुर:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय के तत्वावधान में दिनांक 02 जनवरी 2026 से 04 जनवरी 2026 तक प्रथम राज्य स्तरीय कैंपोरी का सफल आयोजन किया गया। इस कैंपोरी में बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों से स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर तथा यूनिट लीडर सहित लगभग 250 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह राज्य स्तरीय कैंपोरी आगामी भारतीय रेलवे जंबोरेट-जो लिलुआ (ईस्टर्न रेलवे) में 17 जनवरी 2026 से 21 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली है-के पूर्व अभ्यास एवं तैयारी के उद्देश्य से आयोजित की गई। शिविर के दौरान जंबोरेट में प्रस्तावित विभिन्न प्रतियोगिताओं, गतिविधियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। शिविर का आयोजन धीरेंद्र कुमार सिंह, स्टेट सेक्रेटरी एवं प्रिंसिपल, मल्टी डिस्पेंसरी ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर तथा अनुराग कुमार सिंह, जिला आयुक्त (स्काउट) एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, बिलासपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। राज्य स्तरीय कैंपोरी का समग्र आयोजन राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) दिलीप कुमार स्वामी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया। कैंपोरी प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं सेवा भावना को सुदृढ़ करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई।

### केकेआर के बांग्लादेशी खिलाड़ी को टीम में लेने के बाद शाहरुख खान विवादों के घेरे में

**नयी दिल्ली :** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान अपनी आईपीएल टीम केकेआर द्वारा बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्ताफिजुर रहमान को शामिल करने के फैसले को लेकर बढ़ते विवाद के घेरे में आ गए हैं, जिसमें कई पक्ष उनकी आलोचना कर रहे हैं जबकि कुछ का कहना है कि अभिनेता को उनकी मुस्लिम पहचान के कारण निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा और शिवसेना के नेताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को देखते हुए वे रहमान को आईपीएल में खेलने नहीं देंगे। वहीं, विपक्षी दल कांग्रेस के नेता भाई जगताप ने खान का समर्थन करते हुए कहा कि यह विवाद ''भाजपा-आरएसएस की दोहरी नीति'' का सबूत है, क्योंकि भारत अब भी पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलता है।

## सेना ने गोला-बारूद के 90 प्रतिशत स्वदेशीकरण से अपनी युद्ध क्षमता को मजबूत किया

**नयी दिल्ली :** सेना अपनी हथियार प्रणालियों में लगभग 200 प्रकार के गोला-बारूद और सटीक हथियारों का इस्तेमाल करती है और लक्षित नीतिगत सुधारों तथा उद्योग के साथ सहभागिता के माध्यम से इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक का स्वदेशीकरण किया जा चुका है और इन्हें घरेलू स्रोतों से प्राप्त किया जा रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गोला-बारूद, पुर्जे और रसद युद्ध क्षमता की रीढ़ हैं और इस बात को समझते हुए, भारतीय सेना ने गोला-बारूद उत्पादन में आत्मनिर्भरता को अपनी तैयारी रणनीति के केंद्र में रखा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आयात पर निर्भरता कम करने से लेकर एक मजबूत घरेलू आपूर्ति श्रृंखला बनाने तक, स्वदेशीकरण के लिए सेना का निरंतर प्रयास ''गोला-बारूद की तैयारी और दीर्घकालिक युद्ध क्षमता को नया आकार दे रहा है''। अधिकारी ने कहा कि पिछले चार से पांच वर्षों में, ''प्रतिस्पर्धा और कई स्रोतों से सामान खरीदने के विकल्पों को बढ़ावा देने'' के लिए खरीद प्रक्रियाओं का पुनर्गठन किया गया है। अधिकारी ने बताया कि 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत लगभग 16,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर तैयार किया गया है, जबकि पिछले तीन वर्षों में स्वदेशी निर्माताओं को लगभग 26,000 करोड़ रुपये के गोला-बारूद की आपूर्ति के ऑर्डर दिए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य एक मजबूत और आत्मनिर्भर गोला-बारूद प्रणाली का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि सेना अपनी हथियार प्रणालियों में लगभग 200 प्रकार के गोला-बारूद और सटीक गोला-बारूद का इस्तेमाल करती है और लक्षित नीतिगत सुधारों और उद्योग के साथ सहयोग के माध्यम से, इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक का स्वदेशीकरण किया गया है, जिनकी खरीद घरेलू स्तर पर की जा रही है।

## नीदरलैंड के सोर्ड मारिन भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त



**नयी दिल्ली:** नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को शुक्रवार को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम तोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है। अर्जेंटीना के पूर्व मिडफील्डर विला ने 1997 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था। उन्होंने 2000 में सिडनी ओलंपिक और 2004 में एथेंस ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। वह दो दशकों से अधिक समय से कोचिंग से जुड़े हुए हैं। भारतीय हॉकी टीम में वेन लोम्बार्ड की भी वापसी हो रही है, जो वैज्ञानिक सलाहकार और खेल प्रदर्शन प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे। उन्हें इसमें रोडेट इला और सियारा इला का सहयोग मिलेगा जिन्हें वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। मारिन ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, 'भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं साढ़े चार साल बाद नयी ऊर्जा और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ इस पद पर लौटा हूं ताकि टीम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकूं और खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में मदद कर सकूं।' मारिन के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत विश्व रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुआ था। मुख्य कोच के रूप में मारिन की पहली बड़ी चुनौती आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होने वाला महिला विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट होगा। मारिन 14 जनवरी को भारत पहुंचेंगे, जबकि राष्ट्रीय कोचिंग शिविर भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरु स्थित परिसर में 19 जनवरी को शुरू होगा।

## नीता एफए को 5-0 से रौंदकर ईस्ट बंगाल आईडब्ल्यूएल तालिका में शीर्ष पर



**कल्याणी:** गत चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने शुक्रवार को नीता फुटबॉल अकादमी को 5-0 से करारी शिकस्त देकर इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्लयूएल) फुटबॉल तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। सुलंजना राउल (छठा मिनट), सौम्या गुगुलथ (42 वां मिनट), रेस्टी नांजिरी (50वां मिनट), फजिला इक्कापुट (63 वां मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी प्रियांगका देवी (88 वां मिनट) ने ईस्ट बंगाल की ओर से गोल दागे। चार मैचों में चार जीत के साथ ईस्ट बंगाल की महिला टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। एक अन्य मैच में सेसा फुटबॉल अकादमी को 5-0 से हराने के बाद सेथु एफसी पांच मैचों में 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नीता एफसी के भी 10 अंक हैं और गोल अंतर के आधार पर वह सेथु से पीछे तीसरे स्थान पर खिसक गई है। किकस्टार्ट एफसी ने श्रीभूमि एफसी के खिलाफ रोमांचक 2-1 की जीत के साथ लीग में अपना खाता खोला जबकि गोकुलम केरल एफसी को कोलकाता के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। गोकुलम केरल एफसी की टीम पांच मैचों में छह अंकों के साथ आठ टीमों की तालिका में छठे स्थान पर बनी हुई है जबकि गढ़वाल यूनाइटेड की टीम चार मैचों में सात अंकों के साथ एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए पंत और सिराज के चयन पर होगी चर्चा



**नयी दिल्ली:** न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शनिवार को जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई श्रृंखला में जीत दर्ज करने वाली टीम में हालांकिकोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है। पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहचान टीम संयोजन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन की है। टीम संयोजन के कारण ही उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संजू सैमसन और किशन जैसे सलामी बल्लेबाजों को चुना है। वनडे प्रारूप में टीम को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत है। ऐसा विकेटकीपर जो पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सहज हो। पंत ने गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। पिछले आठ वर्षों में केवल 31 वनडे मैच खेलना और 35 से कम का औसत होना इस जुझारू खिलाड़ी की क्षमता का सही प्रतिबिंब नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि प्रभाव के मामले में पंत किशन और जुरेल से कही बेहतर हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में गुवाहाटी टेस्ट में उनके शॉट चयन ने न तो मुख्य कोच और न ही चयन समिति को प्रभावित किया। इसके बावजूद उन्हें उचित मौका दिए बिना टीम से बाहर करना भी कुछ असहज सवाल खड़े कर सकता है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू तीन मैचों की श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाजों का चयन है। टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों (हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह) को भी आराम देते हैं। दोनों ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई श्रृंखला में हिस्सा लिया था। सिराज को परिस्थितियों के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विदेशी श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी के पहले चार चरण में भी नहीं खेला है, लेकिन हो सकता है कि वह हैदराबाद के लिए अंतिम तीन चरण में से दो में खेलें।

## साई सुदर्शन की पसली में फ्रैक्चर, छह हफ्तों तक हो सकते हैं बाहर



**नयी दिल्ली:** युवा भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन हाल में मध्य प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले के दौरान पसली में फ्रैक्चर होने के कारण एक महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सुदर्शन भारत की सफेद गेंद की टीम का हिस्सा नहीं हैं। अहमदाबाद में तमिलनाडु और मध्य प्रदेश के बीच खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी मैच में डाइव लगाकर रन पूरा करते समय उनकी दाईं ओर की सातवीं पसली (एंटीरियर कॉर्टेक्स) में फ्रैक्चर हो गया था। चौबीस वर्षीय सुदर्शन का तमिलनाडु के लिए बचे हुए मुकाबलों में खेल पाना मुश्किल है। हालांकि उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार सुदर्शन ने 29 दिसंबर को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिपोर्ट किया था और वहां कराए गए स्कैन की रिपोर्ट में दाईं ओर की सातवीं पसली के 'एंटीरियर कॉर्टेक्स' में हल्का फ्रैक्चर आया है। जिस स्थान पर उन्हें फ्रैक्चर हुआ, उसी जगह उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में नेट सत्र के दौरान चोट लगी थी। स्कैन की रिपोर्ट के मुताबिक, 'साई फिलहाल निचले शरीर की ताकत और अनुकूलन पर काम कर रहे हैं और चोटिल पसली की सुरक्षा के लिए उचित सुरक्षा के इस्तेमाल किये जा रहे हैं। यह उनके लिए अच्छा काम कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, 'शरीर के ऊपरी हिस्से की ट्रेनिंग अगले सात से 10 दिनों में शुरू की जाएगी।' समझा जाता है कि इस तरह की चोट को ठीक होने में आमतौर पर छह से आठ सप्ताह का समय लगता है। सुदर्शन का टेस्ट क्रिकेट में हालिया प्रदर्शन निराशा-जनक रहा है, जहां वह 11 पारियों में से नौ में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।

### नामीबिया महिला क्रिकेट टीम अगले सप्ताह असम का दौरा करेगी

**गुवाहाटी:** नामीबिया की सीनियर महिला क्रिकेट टीम आठ जनवरी से असम के खिलाफ सीमित ओवरों के चार मैच की मैत्री श्रृंखला खेलेगी। यह श्रृंखला असम क्रिकेट संघ (एसीए) और क्रिकेट नामीबिया के बीच पारस्परिक अंतरराष्ट्रीय समझौते का हिस्सा है। एसीए के सचिव सनातन दास ने शुक्रवार को बताया कि नामीबिया की टीम इस दौरे पर असम की सीनियर महिला टीम के खिलाफ दो वनडे और दो टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। दास ने कहा, 'यह अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला असम क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह भारत और नामीबिया के बीच खेल संबंधों को मजबूत करेगा। इसके साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों को अपने कौशल, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना का प्रदर्शन करने का भी मौका मिलेगा।'

## शुभमन गिल के विजय हजारे ट्रॉफी मैच के लिए आम जनता को अनुमति नहीं



**जयपुर:** विराट कोहली ने विजय हजारे ट्रॉफी के अपने दोनों मैच 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में दर्शकों के बिना खेला था, उसी तरह शनिवार को जयपुरिया कॉलेज के मैदान पर सिक्किम के खिलाफ पंजाब के लिए भारतीय वनडे कप्तान शुभमन गिल के मैच के दौरान भी दर्शकों को स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं होगी। बीसीसीआई के निर्देशानुसार भारतीय कप्तान और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह तीन और छह जनवरी को सिक्किम और गोवा के खिलाफ पंजाब के अगले दो विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। गोवा के खिलाफ मैच केएल सैनी स्टेडियम में होगा जबकि सिक्किम के खिलाफ स्थानीय कॉलेज के मैदान पर होने वाला मैच सुरक्षा कारणों और दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं होने के कारण दर्शकों के बिना खेला जायेगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर 'पीटीआई' से कहा, 'छात्रों और कर्मचारियों को परिसर के अंदर आने की अनुमति है, लेकिन निजी बाउंसरों सहित पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। कॉलेज परिसर में किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।' उन्होंने कहा, 'मैच का कार्यक्रम बहुत पहले ही तय कर लिया गया था। रोहित शर्मा की वजह प्रशंसकों में उत्साह को देखते हुए, मुंबई का मैच अनंतम स्टेडियम से सवाई मान सिंह स्टेडियम में स्थानांतरित करना पड़ा था।' कोहली और रोहित शर्मा के मैचों की तरह गिल का मैच भी टीवी पर या 'लाइव स्ट्रीम' नहीं किया जायेगा।

## भारत तीन वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सितंबर में बांग्लादेश का दौरा करेगा

**ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी। हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी द्वारा जारी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नौ, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी। भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले जुलाई जारी अपने बयान में कहा था, 'बीसीबी और बीसी-सीआई ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में प्रस्तावित बांग्लादेश और भारत के बीच तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है।' बयान में आगे कहा गया, 'यह फैसला दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है जिसमें दोनों टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है।' बीसी-सीआई ने कहा, 'बीसीबी सितंबर 2026 में इस श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करना चाहता है। दौरे की संशोधित तारीख और कार्यक्रम की घोषणा समय आने पर की जाएगी।'


।। श्री गणेशाय नमः ।। श्री हनुमते नमः ।। श्री ॐ शिवाय नमः।। श्री दुर्गये नमः ।। श्री श्याम देवाय नमः ।।

'श्याम मण्डल' कर जोड़ बुलाये, आओ भक्तों आ जाओ। सेठ सांवरिया भर भर बांटे, आओ झोली भर जाओ ।।

श्री श्याम महोत्सव


ब्रह्मलीन गुरुजी काशीरामजी शर्मा के आशीर्वाद से एवं श्री औंकारमलजी शर्मा की अध्यक्षता में

आलौकिक श्रृंगार

अखण्ड ज्योति

भक्तिपूर्ण भजन

छप्पन भोग



संकीर्तन स्थल

श्री श्याम बाबा मंदिर प्रांगण

पंचवटी कॉम्प्लेक्स, कैरवाली

आज सायं 4 बजे से कल रात्रि 9 बजे तक

आयोजक : श्री श्याम मण्डल नूतन बाजार

सौजन्य :

S. T. PRINT

सबको आमंत्रण सीधा प्रसारण सबका स्वागत

आने-जाने की व्यवस्था हरियाणा भवन, विवेकानन्द रोड से की गई है ।


वर्ष 10, पूर्णांक 3462 अंक 272, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in